संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 30 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 179 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



जनता दल यूनाईटेड (जदयू) की कार्यकारिणी की बैठक के बाद संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।"

- भगवत गीता

## मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।" -स्वामी विवेकानंद

# लद्दाख: नदी में फंसा टैंक, 5 जवानों की मौत

## ▶▶ एक्सरसाइज से लौट रहे थे जवान, रात एक बजे नदी में पानी बढ़ने से हादसा हुआ

**दर्दनाक हादसा**

▶▶ लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से सेना के 5 जवान बह गए



**टीम एक्शन इंडिया**

**लेह:** लद्दाख के न्योमा-चुशूल इलाके में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से सेना के 5 जवान बह गए। सभी की मौत हो गई है। इनमें एक जूनियर कमिशन्ड ऑफिसर भी थे। घटना शुक्रवार (28 जून) की रात करीब 1 बजे की है। जानकारी शनिवार (29 जून) को सामने आई। सेना के जवान मिलिट्री एक्सरसाइज के बाद देर रात टी-72 टैंक से लौट रहे थे। मिलिट्री टैंक ईस्टर्न लद्दाख के सासेर ब्रांगसा में श्योक नदी पार कर रहा था, तभी पानी का लेवल अचानक बढ़ गया और जवान टैंक सहित नदी में डूबने लगे। लेह की फायर एंड फ्यूरी 14 कॉर्प्स के मुताबिक, हादसा एलएसी के चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुआ। रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन नदी में तेज बहाव और जलस्तर के कारण जवानों को बचाया नहीं जा सका। पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनकी पहचान रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी के रूप में हुई है।

**बारिश के चलते अचानक पानी बढ़ने की आशंका:** मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि श्योक नदी के ऊपरी इलाके में बारिश के चलते अचानक पानी बढ़ गया। रात होने के चलते जवानों को इसका पता नहीं चल सका। आमतौर पर ळ-72 टैंक पर कमांडर, एक गनर और एक ड्राइवर होता है। हालांकि, हादसे के वक्त टैंक पर 5 जवान सवार थे। टी-72 टैंक 5 मीटर (16.4 फीट) गहरी नदियों को पार करने की क्षमता रखता है। यह एक छोटे डायमीटर वाले स्नोर्कल की मदद से नदी पार करता है। पानी के अंदर टैंक का इंजन बंद होने पर इसे 6 सेकेंड के भीतर चालू करना जरूरी होता है। ऐसा नहीं करने पर कम दबाव होने के कारण इंजन में पानी भर जाता है। इमरजेंसी के लिए इस पर सवार क्रू के सभी सदस्यों को रीब्रीदर दिया जाता है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है।

### जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद : राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रायबरेली से सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख त्रासदी में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। आज शनिवार 29 जून को सोशल मीडिया एक्स पर संवेदना व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, लद्दाख में टैंक से नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा, सभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

# केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**तिहाड़ भेजा**

▶▶ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पेशी के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। सुनीता केजरीवाल भी कोर्ट पहुंची है। सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेजा। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल की सीबीआई रिमांड आज खत्म हो रही थी। इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। 26 जून को सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल को पांच दिनों तक के लिए रिमांड पर देने की मांग की थी।

कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सीएम केजरीवाल को तीन दिनों के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया था। वहीं, इससे पहले शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्डिंग मामले में केजरीवाल को 20 जून को ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी थी। जिसके बाद ईडी ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

**कोर्ट में बोली सीबीआई- लोग कोरोना से मर रहे थे, ये घोटाले की साजिश रच रहे थे:** सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि दिल्ली में जब कोरोना महामारी अपनी चरम पर थी और लोग मर रहे थे, तब साउथ लॉबी के सदस्य शराब नीति तैयार करने के लिए दिल्ली आए थे। उन्हें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर ही बुलाया गया था।

## संजय झा बने जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जनता दल यूनाइटेड (जदयू ) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सदस्य संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार 29 जून को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान जदयू प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संजय झा को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। जबकि नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे। यह निर्णय 2025 में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान लिया गया। संजय झा की नियुक्ति को पार्टी के नेतृत्व को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारी के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सांसद संजय कुमार झा ने मीडिया में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "हमारे नेता और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएम नीतीश कुमार ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है।

## एनडीआरएफ जोखिम-कठिनाई भत्ते में की 40 प्रतिशत की वृद्धि



**रोडमैप**

▶▶ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भागीदारी के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जोखिम और कठिनाई भत्ते को उनके मूल वेतन के 40 प्रतिशत की दर से बढ़ा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीआरएफ के पर्वतारोहण अभियान विजय के ध्वजारोहण समारोह में कहा कि मैं आपको एक अच्छा समाचार देना चाहता हूं। लंबे समय से एनडीआरएफ कर्मियों के लिए जोखिम और कठिनाई भत्ता बढ़ाने की मांग की जा रही थी। कल ही भारत सरकार ने इसे मंजूरी दी है और अब आपको 40 प्रतिशत की दर से जोखिम और कठिनाई भत्ता दिया जाएगा। यह सभी 16,000 एनडीआरएफ बचाव कर्मियों के लिए खुशी की बात है। अमित शाह ने यह भी कहा कि सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भागीदारी के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

## संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट के लिए की नई तारीखों की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक सार्वजनिक नोटिस में राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) 2024, परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा जून 2024 चक्र के लिए नई तारीखों की घोषणा की है।

## षड्यंत्र रचने वालों को देंगे करारा जवाब: हेमंत सोरेन

**बीजेपी को घेरा**

▶▶ देश के जनता ने भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में सबक सिखाया है : हेमंत सोरेन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची में जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा, कि हम उन लोगों को मुंहतोड़ जवाब देंगे जिन्होंने हमारे खिलाफ साजिश रची। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बीजेपी के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है।

**जनता ने भाजपा को सबक सिखाया:** रांची में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने आगे कहा कि भाजपा को भारत के सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने में महारत हासिल है। देश के जनता ने भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में सबक सिखाया है। भाजपा अब झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतने का सपना देख रही है।

## जजों की तुलना भगवान से करना सही नहीं: सीजेआई चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि जजों की तुलना भगवान से करने की परंपरा खतरनाक है, क्योंकि जजों की जिम्मेदारी आम लोगों के हित में काम करने की है। कोलकाता में नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "अक्सर हमें आनर या लार्डशिप या लेडीशिप कहकर संबोधित किया जाता है। जब लोग अदालत को न्याय का मंदिर बताते हैं तो इसमें एक बड़ा खतरा है। बड़ा खतरा है कि हम खुद को उन मंदिरों में बैठे भगवान मान बैठें।"

**हमें पूर्वाग्रह मुक्त न्याय का भाव पैदा करना होगा: सीजेआई** ने कहा कि जब उनसे कहा जाता है कि अदालत न्याय का मंदिर होता है तो वह कुछ बोल नहीं पाते हैं, क्योंकि मंदिर का मतलब है कि जज भगवान की जगह हैं। बल्कि मैं कहना चाहूंगा कि जजों का काम लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि जब आप खुद को ऐसे व्यक्ति के रूप में देखेंगे जिनका काम लोगों की सेवा करना है तो आपके अंदर दूसरे के प्रति संवेदना और पूर्वाग्रह मुक्त न्याय करने का भाव पैदा होगा।

# शुरू हो गई अमरनाथ यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए हर साल होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा शनिवार (29 जून) से शुरू हो गई। बालटाल और पहलगाम कैंप से शुक्रवार सुबह 4 हजार 603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था गुफा के लिए रवाना हुआ। यात्रा अनंतनाग में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से गुजरेगी। श्रद्धालु कश्मीर के अनंतनाग जिले में 3 हजार 880 मीटर ऊंचाई पर स्थित बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे। जम्मू-कश्मीर के रियासी में 9 जून को श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इस घटना को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए 3.50 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 52 दिवसीय यात्रा 19 अगस्त को खत्म होगी। 26 जून से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे। शुक्रवार (28 जून) को 4,603 तीर्थयात्री कश्मीर घाटी के बालटाल और पहलगाम बेस कैंप पहुंचे थे।

231 गाड़ियों में सवार होकर जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से सीआरपीएफ की थ्री लेयर सुरक्षा के बीच यह जत्था रवाना हुआ था।

**उत्कृष्टता केंद्र** | हरियाणा सरकार और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर के मध्य हुआ एमओयू

# प्रशिक्षण-प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाओं के लिए उत्कृष्टता केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में चिन्हित अपराध मामलों के लिए फोरेंसिक विज्ञान में प्रशिक्षण और प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाओं में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हेतु हरियाणा सरकार तथा राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह और हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता सहित अन्य मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में सूरजकुंड में आयोजित चिंतन शिविर में लिए गए निर्णय के अनुसरण में यह एमओयू हुआ है। इस एमओयू का उद्देश्य फोरेंसिक और अभियोजन प्रशिक्षण, अनुसंधान और फोरेंसिक नमूनों के परीक्षण के क्षेत्र में सहयोगात्मक गतिविधियों के विकास को सुगम बनाना और उसे और मजबूत बनाना है।

इस समझौता ज्ञापन के तहत परिकल्पित, फोरेंसिक विज्ञान में प्रशिक्षण और प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाओं में एक मजबूत, अत्याधुनिक, उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा और एनएफएसयू अनुसंधान के साथ-साथ फोरेंसिक नमूनों के परीक्षण का मार्गदर्शन करेगा और विशेषज्ञ ज्ञान भी प्रदान करेगा।

**उत्कृष्टता केंद्र बनने से हरियाणा में आपराधिक न्याय प्रणाली और मजबूत होगी:** हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान के तत्वावधान में, न्यायिक अधिकारियों, सरकारी अभियोजकों, पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों को फोरेंसिक विश्लेषण और आपराधिक न्याय वितरण के अन्य पहलुओं में एनएफएसयू के परामर्श से प्रशिक्षण दिया जाएगा।




# कत्ल कर ठिकाने लगाई लाश, अब खुला मर्डर का राज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मोदीनगर:** निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव असदपुर नांगल के रजवाहे में मिले रंजीत (24) के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई। सिर पर भारी वस्तु से वार कर हत्या की गई। इसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए रजवाहे में फेंका गया। मृतक मूलरूप से कौशांबी जिले का रहने वाला था। वह पिछले चार साल से मेरठ जिले में था। अलग-अलग जगह मजदूरी करता था। परिवार के लोगों से संपर्क भी कम था। बताया जा रहा है कि वह निवाड़ी थाना क्षेत्र के किसी गांव में आया था। जिसके बाद उसका शव रजवाहे में मिला। पुलिस का दावा है कि परिवार के लोगों से संपर्क किया लेकिन उन्होंने रंजीत के बारे में कोई भी जानकारी होने से मना कर दिया।



**परिजनों को नहीं पता था रंजीत का मोबाइल नंबर :** पुलिस के अनुसार, परिजनों को रंजीत का मोबाइल नंबर तक नहीं पता था। दूर के जीजा से भी पुलिस ने बात की। लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिली। निवाड़ी पुलिस को अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। अपने स्तर से पुलिस छानबीन में जुटी है। मूलरूप से कौशांबी जिले के थाना महेबा क्षेत्र के सायपुर के रंजीत पिछले चार साल से मेरठ जिले में रहते थे। यहां नौकरी कर रुपये गांव भिजवा देते थे।

**शरीर पर मिले चोट के निशान:** वहीं गुरुवार सुबह उनका शव असदपुर नांगल के रजवाहे में मिला। शरीर पर पिटाई के निशान थे। सिर से भी खून बह रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा। देर शाम शव की शिनाख्त हुई।

**पोस्टमार्टम में हुआ ये खुलासा :** बताया गया कि शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, जिसमें पता चला कि भारी वस्तु से उनके सिर पर वार किया गया, जिससे खून का रिसाव हुआ। अधिक खून बहने के चलते उनकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, रंजीत गंगनहर पटरी मार्ग के रास्ते यहां तक पहुंचे थे। चूंकि वहां पर सीसीटीवी नहीं है। ऐसे में अभी रूट साफ नहीं है। अभी मृतक का मोबाइल व नंबर पुलिस को नहीं मिला है। ऐसे में पुलिस मेनुअल इनपुट पर ही टिकी है।

**छानबीन में जुटी है पुलिस टीम:** एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि टीम छानबीन में जुटी है। अभी मृतक के परिवार के लोग निवाड़ी नहीं पहुंचे हैं।

## कर्जा चुकाने के लिए कर डाला नानी का मर्डर

**गाजियाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के अर्थला में ऑनलाइन गेम में हारे रुपये का कर्ज उतारने और ठेली का किराया देने के लिए नानी ने रुपये नहीं दिए तो नाती ने गला दबाकर हत्या कर दी। कुंडल और दो हजार रुपये लूटकर ले गया। घटना आठ जून की है। 28 जून को मृतका के बेटे ने लूट और हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर शनिवार को नाती को गिरफ्तार कर घटना का राजफाश किया। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि खारा कुआं चौक अर्थला के शिव मंदिर के पास रहने वाले अशोक कुमार की मां हरप्यारी आठ जून को घर में बेसुध हालत में मिली थीं।

उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## आरेडिका में स्काउट एवं गाइड जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर रेलवे** भारत स्काउट एवं गाइड जिला एमसीएफ रायबरेली इकाई द्वारा सरस्वती ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता नृत्य का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि जिला मुख्य जिला आयुक्त एवं मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक आर के एम पासी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 80 कब बुलबुल स्काउट गाइड रेंजर एवं लीडर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य जिला आयुक्त आरकेएम पासी के कुशल मार्गदर्शन में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न स्काउट गतिविधियों की वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया। अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य जिला आयुक्त द्वारा शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



प्रतियोगिता में जिला आयुक्त एव उप मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक एनके वर्मा, सहायक जिला आयुक्त एवं जनसम्पर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, जिला आयुक्त गाइड एवं एएफए सुहारिता खान आदि ने मुख्य जिला आयुक्त आरकेएम पासी को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया। पासी द्वारा सभी स्काउट एवं गाइड को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई। एनके वर्मा, जिला आयुक्त द्वारा सबको धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला सचिव आदित्य प्रकाश, जिला संगठन आयुक्त गाइड सबीना बानो, जिला संगठन आयुक्त स्काउट दीपक कुमार समेत लगभग 15 लीडरों के द्वारा शुभेच्छा के साथ मुख्य जिला आयुक्त आरकेएम पासी को विदा किया गया।

## ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** सूरजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निर्माण दिन मकान की दीवार गिरने से तीन मासूम की मौत हो गई। इस घटना में कुल आठ बच्चे घायल हुए थे, जिनमें तीन की मौत हो गई। अभी पांच अन्य का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के गांव खोदना कला में एक मकान का निर्माण हो रहा था। निर्माणाधीन मकान के पास ही या अपने परिवार के साथ रह रहे थे। सूरजपुर कोतवाली पुलिस के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब 7:30 बजे करीब यह हादसा हुआ। घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई। खोदना कलां गांव में शकील के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है । यही पास में वह लोग रहते थे। शकील की बहन और उनके बच्चे घर पर आए हुए थे। एडीएम सिटी अतुल कुमार ने बताया,"एक निमार्णाधीन मकान की दीवार गिरने से 8 बच्चे मलबे में दब गए। डॉक्टरों ने 3 बच्चों को मृत घोषित कर दिया और 5 का इलाज चल रहा है। पुलिस टीम घटना की जांच कर रही है।



देर शाम बहन और उनके बच्चे निमार्णाधीन मकान की दीवार के पास खेल रहे थे। इसी दौरान निर्माण दिन मकान की दीवार ढह गई।घटना में आठ बच्चे आहद (4) हुसैन (5), आदिल (8), अलफिजा (2), सोहना (12), वासील (11), समीर(15) सगीर के मकान की दीवार गिरने से घायल हो गए।

## नवजात की उखड़ती सांसों पर भारी पीजीआई की फीस, बिना ऑक्सीजन के ही कर दिया रेफर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा:** छपरौला के रहने वाले ऑटो चालक इरफान खान शुक्रवार सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में एक दिन के नवजात को लेकर पहुंचे थे, लेकिन अस्पताल की फीस में 13 हजार रुपये कम पड़ने पर नवजात को भर्ती नहीं किया गया। काफी जद्दोजहद के बाद भी जब अस्पताल प्रबंधन नहीं माना तो नवजात के बिगड़ती हालात को देख निराश इरफान ने अस्पातल से एंबुलेंस मांगी तो वह भी नहीं दी गई। परेशान इरफान लंग्स इंफेक्शन से जूझ रहे नवजात को बिना ऑक्सीजन ऑटो में वापस सीएचसी बादलपुर ले गए। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने नवजात को मृत घोषित कर दिया। इरफान खान ने बताया कि गर्भवती पत्नी रुखसाना को शुक्र ?वार सुबह 10 बजे बादलपुर सीएचसी में बच्ची हुई। बच्ची को सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। वह रो नहीं पा रही थी। डॉक्टरों ने लंग्स में संक्रमण बताते हुए वेंटिलेटर की देखते हुए जिम्स के लिए रेफर किया।




# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# ट्रेड शो में अहम भूमिका निभाएगा परिवहन विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार परिवहन विभाग की भूमिका अहम होने वाली है। वाहनों की डिस्प्ले लगाने के लिए शासन की ओर से विभाग को दो हजार स्क्वायर फुट जगह आवंटित कर दी गई है। विभाग अभी से इसके लिए तैयारियों में जुट गया है। बीते वर्ष सितंबर में यूपी ट्रेड शो गौतमबुद्ध नगर में पहली बार आयोजित हुआ था। उस वक्त परिवहन विभाग को 1200 स्क्वायर फुट जगह आवंटित हुई थी। लेकिन इस बार जगह बढ़ा दी गई है। वहीं, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि वाहन मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन के साथ अगले सप्ताह बैठक होगी, जिसमें वाहनों के डिस्प्ले को लेकर चर्चा की जाएगी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजा बाबूमहतो पुत्र गणेश महतो पता मकान नं.616/20, हरिजन बस्ती बिंदापुर दिल्ली ने एफआईआर सं. 427/2017 धारा 509/34 भा.द.स. के तहत** थाना: जनक पुरी, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजा बाबूमहतो** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजा बाबूमहतो** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 427/2017 धारा 509/34 भा.द.स. के तहत** थाना: जनक पुरी, दिल्ली **के उक्त राजा बाबूमहतो** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
भारती बेनीवाल
महानगर दण्डाधिकारी-11
कमरा नं. 05, भूतल
द्वारका जिला न्यायालय, नई दिल्ली

DP/6542/WD/2024

## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र

**संदर्भ: (i) निविदा सूचना I 81/2023-24 दिनांक 05.01.2024 (क्र. सं. 11)**
**(ii) निविदा संख्या 08235705 नियत तिथि 15.07.2024**

उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा के विरूद्ध स्पष्टीकरण संलग्न किया गया है, शेष सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

1969/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 23/2024-2025 दिनांक 12.06.2024
(i) निविदा संख्या 09215002B 04.07.2024 को देय है।
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित शर्तों में परिवर्तन किया गया है।
(i) हेडर मे, निरीक्षण एजेंसी को टीपीआई एजेंसी से कंसाइनी कर दिया किया गया है।
(ii) तकनीकी अनुपालन के तहत, टीपीआई एजेंसी द्वारा निरीक्षण को कंसाइनी द्वारा निरीक्षण में संशोधित किया गया है "कंसाइनी द्वारा निरीक्षण का तात्पर्य है कि निरीक्षण आरडीएसओ की अनुमोदित गुणवत्ता आश्वासन योजना के अनुसार फर्म के परिसर में रेलवे एजेंसी यानी आरडीएसओ द्वारा किया जाएगा"।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1970/24

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नामः पवन कुमार**, **पुत्रः सुशील कुमार, निवासीः मकान नंबर 1/5790, गली नंबर 13। बलबीर नगर, शाहदरा, दिल्ली ने पीएस सब्जी मंडी** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 39/2020, U/s 498A/406/34** के तहत एक मामला **थाना केशव पुरम, दिल्ली** में दर्ज में किया गया है और इसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **पवन कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **पवन कुमार** फरार हो गया (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए खुद को छुपा रहा है)। इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त आरोपी **पवन कुमार** को इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रीतिका जैन,
एमएम/महिला कोर्ट नं.03 कमरा नं. 149
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8273/N/2024

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पिताः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र** : लगभग 30-32 साल, **कद** : 5 फीट 7 इंच, **रंगः** सांवला, **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** गोल, **पहनावा** : लाईट कलर निक्कर और हरे रंग का टी-शर्ट जो फूल वाला पार्क सुल्तान पुरी, दिल्ली के गेट पर मृत मिला। इस संदर्भ में **डीडी सं. 61-ए दिनांक 26.06.2024** के तहत थाना सुल्तान पुरी, दिल्ली में दर्ज की गई है। मृत शरीर को 72 घण्टे के लिए पहचान के लिए एसजीएम अस्पताल के शव गृह मे रखा गया है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : सुल्तान पुरी, दिल्ली
फोन : 011-25472410, 25472166
7065036134

DP/8361/OD/2024

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 24/45 **दिनांकः** 28.06.2024

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 80241441बी | ट्रांसफार्मर ऑइल फॉर थ्री फेज लोकोमोटिव | 22200 लीटर | 16.07 2024 |
| 2 | 30232878सी | फ्लेक्स बॉल केबिल लॉन्ग | 31 नग | 16.07 2024 |
| 3 | 30242884 | फ्लेक्सबॉल केबिल | 39 नग | 22.07.2024 |
| 4 | 30242712 | रबर स्प्रिंग फॉर फिएट बोगी | 1818 नग | 22.07.2024 |
| 5 | 30242836 | मेंटेनेंस किट-03 | 967 नग | 22.07.2024 |
| 6 | 30241643ए | लोवर स्प्रींग सीट | 1563 नग | 15.07.2024 |
| 7 | 30242820 | फुट स्टेप कम्पलिट | 493 नग | 22.07.2024 |
| 8 | 38241217 | वोल्स्टर स्प्रिंग आउटर | 1216 नग | 31.07.2024 |
| 9 | 38242521 (ई-आरए) | बोगी सेंटर पिवेट बॉटम | 9973 नग | 31.07.2024 |
| 10 | 20241675 | आर्चिंग चेम्बर | 25 नग | 24.07.2024 |
| 11 | 20241001 | ऑगजीलियरी स्विच अस्सेंब्ली | 717 नग | 24.07.2024 |
| 12 | 20242509 | लेटरल डैम्पर | 103 नग | 25.07.2024 |
| 13 | 6424RGC03 | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर सप्लाई ऑफ पलासर मेक स्पेयर्स फॉर ट्रैक मशीन्स फॉर द ईयर्स 2024-25 एंड 2025-26 | 1 सेट | 25.07.2024 |
| 14 | 20243115 | सेट [मोटर सेट] ऑफ एम पी/सी पी कुऑयल्स | 14 सेट | 22.07.2024 |
| 15 | 20243600 | आई ओ एच किट फॉर पैंटोग्राफ असेंबली | 48 सेट | 22.07 2024 |
| 16 | 20242023 | 1.25" [1-1/4"] एंगल कॉक विद वेन्ट | 4706 नग | 24.07.2024 |
| 17 | 20243657 | रोटर बार फॉर स्कीम - 1 | 6227 नग | 24.07.2024 |
| 18 | 20243143A | ड्राइवर सीट एंड पेडेस्टल असेंबली | 154 नग | 24.07.2024 |
| 19 | 20235012E | इलेक्ट्रॉनिक्स रैक कम्पलीट यूनिट | 03 नग | 31.07.2024 |
| 20 | 40231321ए | एलईडी टाइप इमरजेन्सी लाइट | 1437 नग | 23.07.2024 |
| 21 | 40243403 | वोल्टेज फेज कन्ट्रोल | 444 नग | 25.07.2024 |
| 22 | 64235126A | लोड चैन | 300 एमटीआर | 19.07.2024 |
| 23 | 64245125 | टैम्पिंग टूल होल्डर | 14 नग | 08.07.2024 |
| 24 | 64245161 | वाटर ड्रेन वाल्व | 08 नग | 22.07.2024 |
| 25 | 64245133 | सिलीन्डर | 12 नग | 06.08.2024 |
| 26 | 64235150D | सेल्फ स्टार्टर 11 टीथ | 05 नग | 29.07.2024 |
| 27 | 64245074B | कटिंग चेन कैप | 460 नग | 29.07.2024 |
| 28 | 30241751बी | नॉन- एस्बेस्टस वेस्ड 'के' टाईप हाई फ्रिक्शन कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक्स | 15144 नग | 18.07.2024 |
| 29 | 30241664 | हैंगर फार वोल्स्टर स्प्रिंग | 6935 नग | 25.07.2024 |
| 30 | 38242762बी | स्नब्बर स्प्रिंग फार कैशनव | 3500 नग | 29.07.2024 |
| 31 | 30242048 | सेकेण्डरी वर्टीकल डैम्पर | 1470 नग | 01.08.2024 |
| 32 | 30242229 | यूआईसी टाईप रबर वेस्टिबल अरेंजमेंट | 140 नग | 01.08.2024 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **1136/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## Change of Name

I Devender Parkash S/o Hari Singh R/o New Adarsh Nagar, Bharawas Road, Rewari, Rewari, Haryana-123401, have changed my name to Devender Prakash

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।





# दिल्ली में एक दिन में 4 महीने जितनी बारिश

## 8 की मौत; मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ सहित 27 राज्यों में आज भारी बारिश का अलर्ट, एलजी ने ली थी बैठक

**बारिश का कहर**

**बारिश के कारण गड्ढे में पानी भरा था। सुबह तीनों मजदूरों के शव निकाले गए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में बारिश के कारण अलग-अलग घटनाओं में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है। 5 लोगों की जान गई थी। शुक्रवार रात एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के गड्ढे में 3 मजदूर गिर गए थे। बारिश के कारण गड्ढे में पानी भरा था। सुबह तीनों मजदूरों के शव निकाले गए हैं। शनिवार (29 जून) को 27 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गोवा, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश के शिमला, सोलन, कांगड़ा, चंबा, सिरमौर और मंडी में 29-30 जून के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी दो दिन भारी बारिश की आशंका है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगी।

**दिल्ली के लिए हमारा वेदर फोरकास्ट मॉडल फेल हुआ**

दिल्ली में गुरुवार-शुक्रवार रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण सड़कों पर 4-5 फीट तक पानी भर गया। इसके बाद क्टऊने कहा कि हमारा वेदर मॉडल दिल्ली की बारिश के बारे में पूर्वानुमान लगाने में विफल हो गया। 26 जून को क्टऊने 29 और 30 जून को दिल्ली में बहुत भारी बारिश की भी संभावना जताई गई थी, लेकिन शुक्रवार (28 जून) सुबह की मूसलाधार बारिश की किसी को उम्मीद नहीं थी। 28 जून के लिए सिर्फ हल्की से मध्यम बारिश और आंधी-तूफान के साथ तेज हवाओं की भविष्यवाणी की थी। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल, बिहार और वढ तक मानसून की पूर्वी शाखा के कारण अधिक वर्षा नहीं हो रही थी।





### सिरसपुर अंडरपास में हुए जलभराव में डूबकर दो बच्चों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में बारिश मौत लेकर आई है। शुक्रवार से शनिवार तक बारिश के कारण बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो चुकी है। दो बच्चों की मौत सिरसपुर अंडरपास में हुई है। वो बारिश की वजह से हुए जलभराव में नहाने गए थे और डूब गए। पुलिस के अनुसार, पुलिस को घटना के बारे में सूचना दोपहर ढाई मिली थी। एक बच्चे की पहचान गोपाल पुत्र धर्मेंद्र निवासी सिरसपुर के रूप में हुई है। शुरूआती जांच में पता चला है कि बच्चों की मौत डूबने से हुई है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि पानी में करंट बहने से बच्चों की मौत हुई है। मरने वाले दोनों बच्चों की उम्र 11 से 12 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

**अंडरपास में पानी से भरा हुआ:** सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बच्चों का शव पानी से निकाला है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। आगे की जांच पुलिस कर रही है।

**वसंत विहार में तीन की मौत:** वसंत विहार में शुक्रवार को निर्माणाधीन बिल्डिंग का बेसमेंट ढह गया। इससे तीन मजदूरों की मौत हो गई। जलभराव होने और रात हो जाने के कारण एनडीआरएफ की टीम शवों को ढूंढ नहीं पाई और शनिवार को टीम ने तीनों के शव बरामद किए।

**उस्मानपुर में दो बच्चों की मौत:** उस्मानपुर यमुना खादर में शुक्रवार को हुई बारिश के कारण गड्ढे में हुए जलभराव में नहा रहे दो बच्चे डूबकर मर गए। गड्ढा करीब पांच फीट गहरा था। मृतकों की पहचान कासिम (10) और सलमान (8) के रूप में हुई है।

**पाइप में करंट से गई जान:** किराड़ी में शुक्रवार सुबह बाजार में जलभराव के बीच से गुजरते हुए व्यक्ति की दुकान के बाहर लगे लोहे को पाइप को छूने से करंट से मौत हो गई।

दुकानदार ने पाइप टिन शेड के सपोर्ट के लिए लगाए थे। हादसे में मारे गए राजेश मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले थे।

**एयरपोर्ट पर व्यक्ति की मौत:** आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल-1 के प्रस्थान क्षेत्र में छत गिरने से एक शख्स की मौत हो गई। साथ ही आठ लोग घायल हो गए थे।

### दिल्ली में गर्मी ने 46 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**मौसम** विभाग ने बताया कि दिल्ली सहित देश के सभी राज्यों में हीटवेव के दिन खत्म हो गए हैं। शुक्रवार (28 जून) को राजस्थान का जैसलमेर 41.4 डिग्री तापमान के साथ देश में सबसे गर्म रहा। दिल्ली में इस बार इतिहास की सबसे लंबे हीटवेव वाली गर्मी बीती। 39 दिन तक 40 डिग्री से ज्यादा तापमान रहा। इससे पहले 1978 में 32 दिन तक ऐसा हुआ था। इसी जून में सबसे गर्म रात का रिकॉर्ड भी बना।

मानसून धीरे-धीरे बढ़ रहा था, लेकिन मध्य प्रदेश की ओर से अचानक एक धारा आ गई। किसी को इतनी अधिक नमी की उम्मीद नहीं थी। मॉडल इसे पकड़ नहीं पाया। दिल्ली के अलावा मानसून ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, बंगाल, उत्तराखंड, हरियाणा, वढ और राजस्थान के बचे हुए हिस्सों को भी कवर कर लिया। क्टऊका अनुमान है कि मानसून दो दिन में देश के बाकी हिस्सों में पहुंच जाएगा। ऐसा हुआ तो यह तय तारीख से एक हफ्ते पहले ही पूरे देश को कवर कर लेगा।

# केजरीवाल-आतिशी के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई 23 को

**सुनवाई टली**

**कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि आतिशी के खिलाफ जो समन जारी किया गया था, उसमें उनका पता गलत था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी मार्लेना के खिलाफ दाखिल आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई टाल दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तान्या बामनियाल ने मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान आतिशी मार्लेना कोर्ट नहीं पहुंची थीं। कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि आतिशी के खिलाफ जो समन जारी किया गया था, उसमें उनका पता गलत था। हालांकि सुनवाई के दौरान आतिशी की ओर से वकील पेश हुए, जिन्हें शिकायत की प्रति उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि 28 मई को कोर्ट ने प्रवीण शंकर कपूर की मानहानि याचिका पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले में अभी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ संज्ञान नहीं लिया है। याचिका में प्रवीण शंकर कपूर की ओर से कहा गया है कि केजरीवाल और आतिशी ने भाजपा नेताओं पर झूठा आरोप लगाया कि वे करोड़ों रुपये लेकर भाजपा में शामिल हो जाएं जबकि इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। 16 मई को प्रवीण शंकर कपूर के बयान दर्ज किए गए थे। प्रवीण शंकर कपूर ने मानहानि याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी ने झूठा और मनगढ़ंत आरोप लगाया है कि भाजपा उनके नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने का दबाव बना रही है। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है और न ही कोई साक्ष्य पेश किया गया है। याचिका में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी यह आरोप लगाकर दिल्ली आबकारी घोटाला मामले से ध्यान भटकाना चाहती है। प्रवीण शंकर कपूर ने 27 जनवरी के अरविंद केजरीवाल के ट्विटर पर किए गए पोस्ट और आतिशी मार्लेना के 2 अप्रैल की प्रेस कांफ्रेंस का जिक्र किया है। केजरीवाल के ट्वीट में आरोप लगाया गया है कि भाजपा ने 7 आम आदमी पार्टी विधायकों से संपर्क किया था। ट्वीट में कहा गया था कि भाजपा ने 25 करोड़ रुपये का ऑफर किया था ताकि दिल्ली की सरकार गिराई जा सके। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में जैसे ही आतिशी का नाम आया तब से ही उन्होंने भाजपा के खिलाफ ये आरोप लगाना शुरू कर दिया।

# निर्माणाधीन कंस्ट्रक्शन साइट पर हुई दुर्घटना, तीन मजदूरों के शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को हुई बारिश राहत और आफत एक साथ लेकर आई। वसंत विहार में निर्माणाधीन कंस्ट्रक्शन साइट पर सो रहे मजदूर गड्ढे में जा गिरे। 23 घंटे बाद शनिवार को रेस्क्यू ऑपरेशन में इन तीनों मजदूरों के शव निकाले गए। पहले दो के शव निकाले गए थे। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडर अजीत कुमार ने बताया कि तीसरे मजदूर का शव भी बरामद कर लिया गया है। यह सर्च ऑपरेशन 23 घंटे चला। भारी बारिश के चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। यह हादसा तब हुआ, जब निमार्णाधीन कंस्ट्रक्शन साइट पर सो रहे मजदूर रात में भूस्खलन होने की वजह से निमार्णाधीन बेसमेंट के पानी से भरे गड्ढे में जा गिरे, जिसके बाद दिल्ली पुलिस, एनडीआरफ, दमकल विभाग और कई अन्य विभागों के द्वारा उनको ढूंढने का सर्च ऑपरेशन चलाया गया। यह ऑपरेशन शुक्रवार दिनभर चलाया गया। मौके पर एंबुलेंस और डॉक्टर की टीम भी तैनात थी। 2 से 3 लोगों के गड्ढे में होने की आशंका के साथ मजदूरों का ढूंढने का कार्य किया गया। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडर अजीत कुमार के अनुसार पहला शव शनिवार सुबह करीब सवा छह बजे निकाला गया, दूसरा साढ़े आठ व तीसरे शव को नौ बजे निकाला गया। मृतकों की पहचान संतोष (19), संतोष (20) और दया राम (45) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



# ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः ई-कॉमर्स वेबसाइट के जरिए बेचे जाने वाले सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनी ई-कार्ट की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का शाहदरा जिला के साइबर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से तीन मोबाइल फोन, छह सिमकार्ड, दो डेबिट कार्ड और एक पासबुक बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान नोएडा निवासी हरिओम उर्फ हेरी (26) और खोड़ा कालोनी, गाजियाबाद निवासी बिभव कुमार गौरव (24) के रूप में हुई है। हरिओम ने बीटेक करने के अलावा एलएलबी भी की हुई है। बिभव ने हरिओम के कहने पर अपना अकाउंट खुलवाकर उसका संचालन हरिओम को दिया था। पुलिस को इनके तीसरे साथी की तलाश है। शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पिछले दिनों धीरत कंवर नामक व्यक्ति की शिकायत पर ठगी का एक मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित ने बताया कि उनके व्हाट्सएप नंबर पर किसी ने ई-कार्ट की फ्रेंचाइजी देने का ऑफर दिया। इसके बाद सामान्य कॉल पर भी आरोपित से बातचीत हुई।

पीड़ित को ई-कार्ट की फ्रेंचाइजी मिलने पर अच्छा बिजनेस चलने की बात की गई। पीड़ित इसके लिए राजी हुआ तो उससे विभिन्न मदों में करीब 3.40 लाख रुपये वसूल लिए गए। इसके बाद न तो फ्रेंचाइजी मिली और न ही रुपये वापस किए गए। पीड़ित का मोबाइल नंबर भी ब्लॉक कर दिया गया। शिकायत मिलने के बाद साइबर की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी।

# दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल ने जीजा के घर में घुसकर की अंधाधुंध फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस के जवान ने अलसुबह करीब तीन बजे गांव घसौला में अपने जीजा के घर में घुसकर सरकारी कार्बाइन से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। इस घटना में उसका जीजा तो बच गया, लेकिन गोली लगने से जीजा के परिवार में लगने वाले दादा की मौत हो गई। जीजा की दादी, पिता व चचेरा भाई घायल हो गए।

**घायलों को उपचार के लिए भेजा रोहतकः** घायलों को उपचार के लिए रोहतक रेफर किया गया है। शव का पोस्टमार्टम दादरी के नागरिक अस्पताल में करवाया गया। दिल्ली पुलिस का जवान इस बात से क्षुब्ध था कि उसके जीजा ने नौकरी में होने की झूठ बोलकर उसकी बहन के साथ शादी की।



घटनाक्रम के अनुसार, दादरी जिले के गांव गोपालवास निवासी साकेत दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात है।

**शादी के बाद साले को पता चला, जीजा के पास नहीं है नौकरीः** दिसंबर 2023 में उसकी बहन की शादी गांव घसौला निवासी रजत से हुई थी। बताया जा रहा है कि रिश्ता होने के दौरान स्वजन ने बताया था कि रजत सरकारी नौकरी में है, लेकिन शादी के बाद पता चला कि वह सरकारी नौकरी में नहीं है। आरोपित जवान रात को दिल्ली से कैब बुकिंग कर लाया था। शुक्रवार अलसुबह करीब तीन बजे साकेत पड़ोस के एक मकान के बाहर बने शौचालय का सहारा लेकर रजत के दो मंजिला मकान की छत पर पहुंचा।

# मौज-मस्ती पर निकले नाबालिग ने पांच लोगों को मारी टक्कर




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पुणे हिट एंड रन मामला की दर्दनाक यादें पुरानी हुई नहीं थीं कि अब दिल्ली में वैसा ही मामला सामने आया है। देश की राजधानी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में दोस्तों के साथ मौज मस्ती करने निकले 16 साल के नाबालिग ने अपने पिता की बलेनो कार से एक के बाद एक करीब पांच लोगों को टक्कर मारी, आरोपी सुबह करीब सात बजे पिता की गाड़ी लेकर निकला था। जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने इलाके की छाछी बिल्डिंग के पास छोले भठूरे खाए। बाद में तीनों घूमने निकल पड़े। गीता कॉलोनी थाने के पास सुबह करीब करीब पौने आठ बजे आरोपियों ने रेहड़ी वाले को टक्कर मारने के बाद एक महिला सफाईकर्मी को टक्कर मारी। बाद में तीन अन्य लोगों को टक्कर मारने के बाद भीड़ ने लड़के को पकड़ा। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी को लेकर आप का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी और केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने शनिवार को देश भर में विरोध-प्रदर्शन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत दिल्ली, उप्र, पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात समेत देश के 21 राज्यों में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कई जगहों पर पार्टी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया। राजधानी दिल्ली विरोध-प्रदर्शन का केंद्र रहा। दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद और पदाधिकारियों के अलावा दिल्ली के कोने-कोने से भारी संख्या में आए पार्टी कार्यकर्ता पहले पार्टी मुख्यालय पर एकत्र हुए। बीमार होने के बावजूद कैबिनेट मंत्री आतिशी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। यहां से वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ता नारे लिखे पोस्टर-बैनर लिए भाजपा मुख्यालय की तरफ कूच किए तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। इसके विरोध में कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। कार्यकताओं ने भाजपा और मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अरविंद केजरीवाल को जल्द रिहा करने की मांग की। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई से अवैध गिरफ्तारी कराने के खिलाफ पार्टी ने देशभर के 21 राज्यों के भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिल्ली के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल में हैं तो उनके सिपाही सड़क पर उनकी आवाज बुलंद कर रहे हैं। दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में एक नया परिवर्तन किया। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के लोग अपना भाई-बेटा और हीरो मानते हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली ने 30 फीसदी प्रदूषण कम किया है और गांवों के विकास के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित किया है। दिल्ली में मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी देश के दूसरे राज्यों की तुलना में दोगुना है।




**विरोध**

**दिल्ली के लोगों ने द केजरीवाल को दिल्ली के लोग अपना भाई-बेटा और हीरो मानते हैं: आप**

# दिल्ली के अतिथि शिक्षक फिर से किए गए बहाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते जिन अतिथि शिक्षकों को कार्यमुक्त किया था उनकी फिर से बहाली कर दी है। निदेशालय ने आदेश जारी करते हुए कहा कि एक जुलाई से सभी स्कूल खुल रहे हैं। ऐसे में कार्यमुक्त किए गए सभी अतिथि शिक्षकों को स्कूल खुलने के तीन दिन के अंदर स्कूलों में रिपोर्ट करना होगा। निदेशालय ने प्रधानाचार्यों को अतिथि शिक्षकों को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए अनुभव प्रमाण पत्र भी जारी करने को कहा। इसके साथ ही निदेशालय ने प्रधानाचार्यों को अतिथि शिक्षकों की हाजिरी आनलाइन अपडेट करने का भी निर्देश दिया है। ऑल इंडिया गेस्ट टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव शोएब राणा ने कहा कि अतिथि शिक्षक बहाली के साथ-साथ ये भी उम्मीद कर रहे थे कि उनका वेतन बढ़ने और नौकरी पक्की करने का भी आदेश आएगा।

# जाती कई लोगों की जान, छत के नीचे दबते 200 लोग अगर: एयरपोर्टकर्मी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आईजीआई** एयरपोर्ट टर्मिनल-1 के प्रस्थान क्षेत्र में छत गिरने की घटना का असर उड़ानों पर भी पड़ा। टर्मिनल-1 से प्रस्थान से जुड़ी करीब 100 घरेलू उड़ानों का संचालन होता है। यहां से संचालित होने वाली उड़ानों में दो तिहाई हिस्सा इंडिगो व स्पाइसजेट की उड़ानों का है।

**हादसे के बाद टर्मिनल को किया गया बंदः** घटना के बाद करीब 80 उड़ानें रद्द हुई हैं। हालांकि सभी एयरलाइंस ने रद्द उड़ानों के एवज में यात्रियों को किराया वापसी या यात्रा की तारीख को रीशेड्यूल करने का विकल्प प्रदान किया।

**टर्मिनल को इसलिए करना पड़ा बंदः** एयरपोर्ट पर काम करने वाले एक कर्मी ने बताया कि छत एकाएक नहीं गिरी। यह धीरे-धीरे झुकी।

**शेड अचानक गिरता तो कई गुना क्षति हो सकती थी- एयरपोर्ट कर्मी**

फिर एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक झुकता चला गया। इस बीच यात्रियों की नजर ऊपर गई, वे जान बचाने को फोरकोर्ट से टर्मिनल बिल्डिंग की ओर भागे। उस समय करीब 200 लोग फोरकोर्ट पर मौजूद थे। कर्मी ने बताया कि यदि शेड अचानक गिरता तो अभी जो क्षति हुई है, उससे कई गुना क्षति देखने को मिलती। एयरपोर्ट प्रबंधन को जब लगा कि शेड गिरने का खतरा अभी टला नहीं है, तब इसे पूरी तरह बंद करने में ही भलाई समझी गई। दूसरे, यदि टर्मिनल को बंद नहीं किया जाता तो मलबा हटाने में भी काफी परेशानी होती। हादसे के बाद टर्मिनल के बाहर व भीतर मची अफरातफरी से एयरपोर्ट का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ।

सभी को अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी। प्रस्थान क्षेत्र के आसपास यात्रियों व विमान कर्मियों व एयरपोर्ट कर्मियों की आवाजाही को तत्काल रोक दिया गया। पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में लेकर बचाव कार्य शुरू किया गया। इस बीच सतर्कता बरतते हुए टर्मिनल-1 से प्रस्थान से जुड़ी सभी सेवाएं तत्काल रोक दी गईं। यह रोक अगले आदेश तक के लिए है। डायल का कहना है कि यदि टर्मिनल-1 पर व्यवस्था सामान्य नहीं होती है तो इस टर्मिनल की उड़ानों को रीशेडयूल कर टर्मिनल-2 या 3 पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।



**क्षति**

**यदि शेड अचानक गिरता तो अभी जो क्षति हुई है, उससे कई गुना क्षति देखने को मिलती**

# छत की देखरेख के प्रति डायल ने गंभीरता नहीं बरती: रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 के फोरकोर्ट में हुए हादसे ने एयरपोर्ट संचालन का जिम्मा संभाल रही एजेंसी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

करीब दो घंटे उड़ानों का संचालन बंद करना पड़ा। एक बार फिर उसी तरह की घटना यह दर्शाती है कि छत की देखरेख के प्रति डायल ने गंभीरता नहीं बरती।

**छत पर जमा हो गया था पानीः** क्षतिग्रस्त हिस्से पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि छत के भीतर लोहे के ढांचे के रंगरोगन का कार्य लंबे समय से नहीं हुआ है। ऐसा लगता है कि इसमें जंग लगा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि छत के ऊपरी हिस्से में वर्षा के समय एकत्र पानी की निकासी के लिए जो पाइप नेटवर्क है, उसकी सफाई इस वर्ष नहीं हुई, जिसके कारण एकत्रित वर्षा के पानी का बहाव या तो हुआ नहीं या फिर बेहद धीमी रफ्तार से हुआ। एक स्थिति ऐसी आई होगी जब छत पर जमा पानी का दबाव सहन नहीं कर पाया, और झुकने लगा।



# कर्मचारियों की मांगों को स्वीकार करने को लेकर पशोपेश में है नायब सैनी

## संभावना जताई जा रही थी कि पक्के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 58 साल से बढ़ाकर 60 साल की जा सकती है

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा में विधानसभा चुनाव की करीबी में राज्य कर्मचारियों में अपनी मांगों को लंबित रखे जाने से गहरा रोष है। राज्य के पक्के और कच्चे कर्मचारियों को सरकार से उनकी मांगों पर राहत के फैसलों की उम्मीद है, लेकिन फैसले लेने मे सरकार झिझक रही है। हरियाणा मंत्रिमंडल की पिछले गुरुवार को हुई बैठक में संभावना जताई जा रही थी कि पक्के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 58 साल से बढ़ाकर 60 साल की जा सकती है। इनके अलावा, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने को लेकर भी नीति को मंजूर किए जाने की उम्मीद थी। लेकिन बैठक में न तो ऐसा कोई एजेंडा लाया गया और न ही इस बारे में कोई चर्चा हुई। कर्मचारियों से



संबंधित कोई फैसला नहीं लिए जाने से एक बार फिर कर्मचारियों की नाराजगी बढ़ गई है। हालांकि कर्मचारी संगठन लगातार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर से मुलाकात कर रहे हैं।

हरियाणा में 2.70 लाख पक्के कर्मचारी हैं और 1.30 लाख कच्चे कर्मचारी हैं, इनको हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत समायोजित किया गया है। इनके अलावा, 12500 अतिथि अध्यापक हैं और डीसी और एडहाक रेट पर भी करीब 7 हजार कर्मचारी तैनात हैं। पहले सरकार की योजना थी कि एडहाक और डीसी रेट पर तैनात कर्मचारियों को पक्का किया जाए, लेकिन अब

**नाराजगी**

**कर्मचारियों से संबंधित कोई फैसला नहीं लिए जाने से एक बार फिर कर्मचारियों की नाराजगी बढ़ गई**

बताया जा रहा है कि अतिथि अध्यापकों की तर्ज पर इनको समान वेतन और 58 साल तक सेवारत रहने के नियम बनाया जा रहे हैं, लेकिन इनको पक्का नहीं किया जाएगा। हालांकि, अंतिम फैसला मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लेना है। सूत्रों का दावा है कि सीएमओ में कर्मचारियों को लेकर दो प्रकार की राय है। एक राय ये है कि कर्मचारियों को मनाने के लिए उनको राहतें दी जाएं, ताकि उनकी नाराजगी दूर हो सके। दूसरी राय है कि कर्मचारियों ने लोकसभा चुनावों में खुलकर भाजपा की मुखालफत की है, इसलिए एकदम से राहत देकर सरकार कर्मचारियों के दबाव में कोई फैसला नहीं लेना चाहती। सरकार चाहती है कि फैसले से पहले कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक हों और इसके लिए सरकार से मांग रखें। लेकिन एक आशंका ये भी है कि तमाम राहतें देने के बाद भी कर्मचारी भाजपा के साथ नहीं आएंगे। इसलिए तमाम पहलूओं को देखने के बाद ही सरकार कर्मचारियों को लेकर फैसला लेगी।

आउटसोर्स 2 पालिसी के तहत लगे कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की और पक्का करने की मांग की।

# एनहांसमेंट वसूली से परेशान शहरवासियों की मांगों पर विचार करेगी सरकारः हुड्डा

**प्रतिक्रिया**

**फायरिंग, फिरौती, लूट, डकैती, हत्या व रेप जैसी वारदातें बनीं लोगों की दिनचर्या का हिस्सा- हुड्डा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः पूर्व** मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शहरवासियों से बार-बार हो रही एनहांसमेंट वसूली पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पहले से ही मंदी, महंगाई और बेरोजगारी का दंश झेल रही जनता पर पड़ रहे बोझ को लेकर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए। लेकिन बीजेपी लगातार जनता के इस दर्द को अनदेखा कर रही है। लेकिन प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर शहरवासियों की मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। दरअसल, आज बहादुरगढ़ सेक्टर 2, 9 और 9ए के निवासी हुड्डा को एक ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। व्यापारियों से कानून व्यवस्था पर बातचीत में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बढ़ते अपराध पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में बेकाबू अपराध के चलते आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। फायरिंग, फिरौती, लूट, डकैती, हत्या और रेप जैसी वारदात लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गई हैं। सिर्फ 4 दिन के भीतर अकेले हिसार में 3 व्यापारियों से 9 करोड़ की फिरौती मांगने की वारदातें हो चुकी हैं। खुद केंद्र सरकार ने माना है कि हरियाणा देश का सबसे सुरक्षित राज्य है और अपने नागरिकों को सुरक्षा देने में बीजेपी सबसे फिसड्डी साबित हुई है। खासतौर पर व्यापारी वर्ग लगातार धमकी, फिरौती और फायरिंग की वारदातें झेल रहा है। उन्हें अपनी जान बचाने के लिए बदमाशों को फिरौती देनी पड़ रही है। जबकि लोगों के जानमाल की सुरक्षा करना प्रत्येक सरकार की पहली जिम्मेदारी होती है। लेकिन अपनी जिम्मेदारी को निभाने में भाजपा पूरी तरह विफल साबित हुई है और जो सरकार नागरिकों को सुरक्षा नहीं दे सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर अपराध का सफाया करके हरियाणा को फिर से सुरक्षित राज्य बनाया जाएगा।

# रतिया के विकास के लिए 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः** रतिया विधानसभा के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों को पूर्ण करवाने के लिए 5करोड़ 39 लाख 89 हजार राशि स्वीकृति मिली है। रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने रतिया हल्के के विकास के लिए राशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया। विधायक ने शनिवार को बताया कि सरकार द्वारा ढाणी छतरियां में फिरनी के निर्माण के लिए 1 करोड़ 98 लाख 60 हजार, गांव कुकड़ावाली में फिरनी के निर्माण हेतू 1 करोड़ 72 लाख 21 हजार, अकांवाली में फिरनी के निर्माण हेतू 49 लाख 14 हजार, ढाणी चानन राम में फिरनी के निर्माण हेतू 35 लाख 5 हजार, गांव बोसवाल में फिरनी के निर्माण के लिए 13 लाख 56 हजार, गांव अलीपुर बरोटा में शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण के लिए 5 लाख तथा गांव बाह्मणवाला के कब्रिस्तान में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

इसके अलावा गांव बाह्मणवाला प्लाट के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव बलियाला के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव बोड़ा के कब्रिस्तान में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव

**मंजूर**

**गांव रतनगढ़ के एससी शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख रुपए मंजूर किए गए है**

चंदो खुर्द के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव दौलतपुर के शमशान घाट में वाटर टैंक के निर्माण हेतू 2 लाख 11 हजार, गांव घासवां के कब्रिस्तान में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, झलनिया के शमशान घाट में वाटर टैंक के निर्माण हेतू 2 लाख 11 हजार, गांव कमाना के कब्रिस्तान में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव खाई के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव खैरातीखेड़ा के शमशान घाट में वाटर टैंक के निर्माण हेतू 2 लाख 11 हजार, गांव महमदकी के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव मोहम्मदपुर सौत्तर के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव नंगल के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव रतनगढ़ के एससी शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख रुपए मंजूर किए गए है।

# सरपंचों पर खुलकर धनवर्षा करने जा रही है सरकारः गोपाल

**विकास कार्य**

**अब सरपंच 10 लाख रुपए तक विकास कार्य करवा सकेंगे। सरपंचों को अब अफसरों जैसा ट्रीटमेंट मिलेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसाः** सिरसा के विधायक गोपाल कांडा ने कहा कि ग्राम पंचायतों को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार सरपंचों पर खुलकर धनवर्षा करने जा रही है, अब सरपंच 10 लाख रुपए तक विकास कार्य करवा सकेंगे। सरपंचों को अब अफसरों जैसा ट्रीटमेंट मिलेगा। उनका टीए-



डीए बढ़ाया जाएगा और उन्हें एचसीएस अधिकारियों की ही तरह विभागीय काम करवाने के लिए 16 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से डीए मिलेगा। शनिवार को जारी बयान में विधायक गोपाल कांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जब से सत्ता संभाली है वे सबका साथ सबका विकास के तहत सर्व वर्ग के कल्याण में लगे हुए है। रोजाना जनहित में कोई न कोई घोषणा की जा रही है। उन्होंने कहा कि दो जुलाई को कुरुक्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंचायत राज्य मंत्री महिपाल ढांढा बिना ई- टेंडरिंग के खर्च करने के अधिकार सीमा को दोगुना करने के बारे में ऐलान कर सकते हैं। सरपंचों की मांग थी कि इस अधिकार सीमा को 20 लाख किया जाए, लेकिन सरकार ने इस सीमा को 10 लाख रुपए करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरपंचों को अब अफसरों जैसा ट्रीटमेंट मिलेगा। सरकार उनका भत्ता बढ़ाने जा रही है। इस पर जल्द प्रस्ताव लाया जा सकता है। सरपंचों का टीए-डीए बढ़ाया जाएगा। इसके बाद हरियाणा में एचसीएस अधिकारियों की ही तरह विभागीय काम करवाने के लिए सरपंचों को भी 16 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से डी ए मिलेगा।

# बाउंसर की गांव उल्लावास में गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्रामः** बाइक सवार दो हमलावरों ने शुक्रवार की देर रात गांव उल्लावास में 25 वर्षीय बाउंसर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सेक्टर-65 पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। शनिवार को पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हत्यारोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव कादरपुर निवासी अनुज बाउंसर का काम करता था। शुक्रवार की रात को वह गांव उल्लावास में था। इसी दौरान बाइक पर जोमैटो और ब्लिंकिट टी-शर्ट पहने दो युवक आए और उस पर गोलियां चला दीं। इससे पहले कि अनुज कुछ समझ पाता, उसे पांच गोलियां मार दी गई। गोली मारकर आरोपी मौके से भाग गए। घायल अनुज करीब 10 मिनट तक मौके पर ही तड़पता रहा। बाद में उन्हें पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस हत्याकांड में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को पकडने के लिए दो विशेष टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है।

# छात्र संसद के इंटरनेशनल लीडरशिप टूर-24 के प्रतिनिधियों ने हुड्डा से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः छात्र** संसद के प्रतिष्ठित ह्यइंटरनेशनल लीडरशिप टूर-24 के प्रतिनिधियों ने आज पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा से मुलाकात की। देश भर के प्रमुख संस्थानों जैसे आईआईटी, आईआईएम, एनएलयू और विभिन्न निजी विश्वविद्यालयों से चुने गए प्रतिनिधियों ने भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को लेकर हुड्डा के साथ चर्चा की। बातचीत के दौरान हुड्डा ने विपक्ष की मजबूती, विपक्ष के तौर पर इंडिया गठबंधन की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एक मजबूत विपक्ष स्वस्थ लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण होता है और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। हुड्डा ने युवा नेताओं की प्रगतिशील सोच में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए प्रतिनिधियों को राजनीति में सक्रिय हिस्सेदारी के लिए प्रोत्साहित किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रभावी शासन के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और जन-केंद्रित नीतियों जरूरी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान विकास व सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई योजनाओं और नीतियों का भी जिक्र किया। भविष्य में भी उन्होंने कांग्रेस की ओर से जमीनी स्तर पर जुड़ाव, स्थानीय मुद्दों को संबोधित करने और मतदाताओं के सामने एक व्यापक विकास एजेंडा पेश करने की बात कही।

# बच्चों की शिक्षा के नाम पर करोड़ों रुपए डकार गई बीजेपीः अनुराग

**सरकार को घेरा**

**बीजेपी सरकार ने 2014 से 2016 तक सरकारी स्कूलों में 4 लाख बच्चों का फर्जी दाखिला दिखाया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/काजल रानी**

**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शिक्षा घोटाले में सीबीआई एफआईआर पर हरियाणा की बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार सिर से लेकर पैर तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। जब से बीजेपी हरियाणा में शासन में आई है उसी दिन से इन्होंने भ्रष्टाचार और लूट शुरू कर दिया। अब इसके सुबूत भी सामने आ गए हैं। सीबीआई ने तीन एफआईआर दर्ज की हैं, जब 2014 में बीजेपी सरकार बनी तो तब से लेकर 2016 तक दो साल में सरकारी स्कूलों में 4 लाख बच्चों का फर्जी दाखिला दिखाया गया। इन बच्चों के नाम पर वजीफे, मिड डे मील और वर्दी के पैसे सारा खर्चा सरकारी खातों से निकलते रहे। यहां तक कि इन बच्चों के नाम पर सरकारी टीचर्स हायर किए गए और उनकी तनख्वा को भी डकार गए, करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सरकार बनने के बाद सबसे पहला भ्रष्टाचार बच्चों की शिक्षा में किया और हमारी नींव खोखली करने के लिए किया। बीजेपी बच्चों की शिक्षा को किस तरीके से बर्बाद कर रही है और कैसे सरकारी स्कूल बंद कर रही है ये सब हमने देखा। लेकिन अब ये सच भी सामने आ गया कि इन बच्चों के नाम पर करोड़ों अरबों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने कहा मैं पूछना चाहता हूं कि सीबीआई ने तीन तीन एफआईआर दर्ज की उसके बावजूद बीजेपी के नेताओं को, उस समय के शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को बचा लिया। एफआईआर में उनका नाम नहीं डाला, उनसे पूछताछ नहीं गई, उन पर रेड नहीं की गई और उनकी जांच एनएचआई की गई कि इस करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार में उनका कितना हाथ था। उन्होंने कहा ये सोचने की बात है कि पूरे हरियाणा में स्कूलों में फर्जी दाखिले दिखाए गए। क्या किसी एक इलाके का व्यक्ति या नेता ऐसा कर सकता है? इसके लिए राज्य सरकार का हाथ सिर पर होना जरूरी है। इसके लिए पूर्व शिक्षा मंत्री जो 2014 से 2016 तक शिक्षा मंत्री थे, यदि पूरी तरह से जांच की जाए तो उनका हाथ इस घोटाले में मिलेगा। इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ये एफआईआर दर्ज करनी पड़ी है। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एसबीआई तीन महीने में जांच करके रिपोर्ट फाइल करे, लेकिन सीबीआई ने पांच साल लगा दिए।

# टास्क या इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से बचाव के लिए पुलिस ने जारी की साइबर एडवाइजरी

## पार्ट टाइम जॉब में पैसे कमाने के नाम पर यदि कोई इन्वेस्टमेंट करने की बात कहे तो सावधान हो जाएं : एसपी आस्था मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः** ऑनलाइन टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर होने वाले साइबर ठगी के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए फतेहाबाद पुलिस द्वारा साइबर एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें इस प्रकार की साइबर ठगी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने शनिवार को साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूक करते हुए बताया कि साइबर अपराधी किस प्रकार आपको साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। सबसे पहले आपके वाट्सएप पर देश या विदेश के



नंबरों से मैसेज आता है, जोकि आपको पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर होता है। उसमे आपको कुछ बडे बडे यूट्यूब चैनल दिये जाते हैं। जिन्हें आपको सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीन शाट उन्हें भेजना होता है, जिसके बदले में वो आपको एक सब्सक्राइब करने का 50 रुपये देते हैं। एसपी ने बताया कि शुरूआत में लगभग 3 सब्सक्राइब का टास्क दिया जाता है । जब आप टास्क पूरा करके व्हाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं तो ये आपको बोलते हैं कि यदि आपको पेमेंट लेना है तो वो

**जागरूक किया**

**जब आप टास्क पूरा करके व्हाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं तो ये आपको बोलते हैं कि यदि आपको पेमेंट लेना है**

आपको एक टेलीग्राम की आईडी देते है और बोलते हैं कि इस आईडी पर मैसेज करो, जैसे ही आप टेलीग्राम पर मैसेज करते हैं, तो वो आपकी बैंक डिटेल मांगते हैं। उसके बाद आपके खाते में 150 रुपये आ जाते है। उसके बाद ये आपको टेलीग्राम पर एक ग्रुप का लिंक भेजते हैं

कि आप इस ग्रुप में ऐड हो जाओ, हम आपको इस ग्रुप में हर आधे घंटे में इसी प्रकार का लिंक देंगे आपको इसे सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीनशॉट वापस उसी ग्रुप में भेजना है। एसपी ने कहा कि आपको किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नम्बर से कोई पार्ट टाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है तो आपको अच्छी तरह जांच पड़ताल करनी चाहिए। यदि आपको थोड़ा भी शक हो तो उसे आपको अनदेखा कर डिलीट कर देना चाहिए।

# इग्नू ने एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में किया नया पाठ्यक्रम लांचः डॉ. धर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू ने हाल ही में एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एक नया कार्यक्रम लांच किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षित कार्यबल का एक पूल विकसित करना है, जिसे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों, संबंधित संगठनों और अस्पतालों द्वारा कुशल सहायता प्रदान करने और दूरदराज के क्षेत्रों सहित देश भर में गुणवत्तापूर्ण

**नियोजित**

**क्षेत्रों सहित देश भर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नियोजित किया जा सकता है**

स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नियोजित किया जा सकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के प्रभावी प्रबंधन में प्रमुख मुद्दों की पहचान और विश्लेषण करना है। इसके साथ साथ ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में राष्ट्रीय और वैश्विक सोच और अंतर-सांस्कृतिक समझ को प्रोजेक्ट करना है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक जवाबदेही और नैतिकता प्राप्त करने के लिए बहु-विषयक टीम प्रबंधन के लिए सभी हितधारकों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करना अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में नवीनतम तकनीकों को अपनाना है। इस कार्यक्रम में दाखिला लेने के लिए भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार सामान्य वर्ग के लिए कम से कम 50% अंकों के साथ और आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए 45% अंकों के साथ स्नातक पास अभ्यर्थी दाखिला ले सकते हैं। इस कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष एवं अधिकतम अवधि 4 वर्ष होगी।

# पेयजल किल्लत को लेकर ग्रामीणों ने नगूरां-उचाना रोड पर लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींदः** पेयजल की मांग को लेकर बधाना गांव के लोगों ने शनिवार को नगूरां-उचाना मार्ग पर गांव के जलघर के सामने अवरोधक डालकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही नगूरां पुलिस चौंकी प्रभारी नफे सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के आने तक जाम खोलने से मना कर दिया। नगूरां चौंकी प्रभारी ने मौके पर जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित को बुलाकर लोगों की पीने के पानी की समस्या शाम तक दुरुस्त करने का आश्वासन देकर करीब दो घंटे से लगे जाम को खुलवा दिया। जाम के कारण रोड़ पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइने लग गई। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों



का सामना करना पड़ा। पानी की मांग कर रहे पुरूषों तथा महिलाओं ने जाम के दौरान सड़क पर पानी के खाली मटके रखकर सरकार एवं जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी कर रहे पुरूषों तथा महिलाओं ने बताया कि सरकार ने बधाना गांव में सुधारीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए का बजट जारी किया था, लेकिन जलापूर्ति विभाग के उच्चाधिकारियों ने ठेकेदार से मिलीभगत कर बजट को सही ढंग से लगाने की बजाए पूरे बजट में ही घालमेल कर दिया। जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित ने बताया कि लोड की अधिकता के चलते बार-बार स्टार्टर के जलने के कारण ऐसी दिक्कत आ रही है। जल्द ही कैथल से बड़े स्टार्टर को मंगवा कर लोगों के पीने के पानी की किल्लत दूर कर दी जाएगी। नहरी पानी के लिए भी सभी जरूरी उपकरण जल्द जलघर में लगा दिए जाएगें और नहरी पानी के लिए साथ लगती माइनर से सिंचाई विभाग के अधिकारियों से स्वीकृति भी ली जाएगी। क्योंकि जींद नहर से बधाना गांवों स्थित जलघर के टैंकों को नहरी पानी नहीं मिल रहा है।

**प्रदर्शन**

**ग्रामीणों ने जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के आने तक जाम खोलने से मना कर दिया**

# खालिस्तानी अमृतपाल सिंह को सांसद के रूप में एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया शपथ नहीं लेने देगा: वीरेश

## मदन भारद्वाज बने विश्व हिन्दू तख्त के कार्यकारी हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

**एंटी टेरोरिस्ट** फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य शनिवार को पानीपत पहुँचे । यहाँ पहुँचने पर फ्रंट एवं तख्त के सैंकड़ों सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मुकुल गोयल,करण आनंद, उवी श्रम, कपिल गिरधर, अनिल बजाज, नवीन मनचंदा, दिनकल आनंद मौजूद थे। शांडिल्य ने मदन भारद्वाज को विश्व हिन्दू तख्त का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। वीरेश शांडिल्य ने होटल



स्काई लार्क में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार ने या लोकसभा स्पीकर ने खालिस्तानी और आईएसआई के एजेंट अमृतपाल सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाई तो उनका संगठन केंद्र सरकार का विरोध करेगा। शांडिल्य ने घोषणा की कि यदि अमृतपाल सिंह डिबरूगढ़ जेल से दिल्ली शपथ लेने आएगा तो एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के सदस्य उसे काले झंडे दिखाएंगे व उसके खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अमृतपाल सिंह को किसी अदालत ने भी लोकसभा सदस्यता की शपथ के लिए इजाजत दी तो वह उस राज्य के हाईकोर्ट में उस आदेश को एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया की तरफ से चुनौती देंगे। वीरेश शांडिल्य ने बताया कि अमृतपाल के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर वह दिल्ली संसद भवन का मुआयना भी कर चुके है । वीरेश शांडिल्य ने कहा कि अमृतपाल सिंह को वोट देने वाले कट्टरपंथी हैं जो पंजाब में खालिस्तान चाहते हैं लेकिन किसी कीमत पर भी पंजाब में खालिस्तानी मुहिम को सिर उठाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2022 में सबसे पहले उनके संगठन एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया ने पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को ज्ञापन देकर अमृतपाल सिंह को आईएसआई का एजेंट बताया था और उसे देशद्रोह में गिरफ्तार करने की मांग की थी और लगातार पंजाब में अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब में प्रदर्शन किए थे।

एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने कहा कि संविधान को, तिरंगे को, कानून को चेतावनी देने वाला भले ही अमृतपाल सांसद बन गया।

# विभिन्न एजेंडों को लेकर जिला परिषद की सामान्य बैठक संपन्न




टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

**जिला परिषद के** सीईओ गौरव कुमार की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित क ी गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की अध्यक्ष काजल ने की। उन्होंने कहा कि जिले में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी सभी जिला परिषद सदस्यों को साथ लेकर विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं बरता जाएगा उन्होंने सभी से मिलजुल कर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा हुई। जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई उनमें 15 वित्त आयोग की नई ग्रांटो के कार्य स्वीकृत कराने , राज्य वित्त आयोग के सभी विकास कार्यों की प्रगति के बारे में एवं स्वीकृत राशि से अधिक अदायगी के उपरान्त स्वीकृति लेने एवं पूर्व में स्वीकृत की गई लाईटों एवं एमएसके की जगह उपलब्ध करवाने के बारे में भी चर्चा हुई।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

पानीपत/ कमाल हुसैन

सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान चौटाला रोड पर गौशाला के पास मौजूद थी। इसी दौरान संदिग्ध किस्म का एक युवक जीटी रोड की ओर से पैदल आते हुए दिखाई दिया । युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अक्षय पुत्र पवन निवासी वीर भवन चौक के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल 32 बोर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका । पूछताछ में आरोपी ने बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। आरोपी ने शौक पूरा करने के लिए उक्त देसी पिस्तौल करीब डेढ़ साल पहले नूरपुर गढ़ी गांव निवासी एक युवक से 15 हजार रुपए में खरीदकर लाने बारे। युवक की करीब 1 साल पहले मौत हो चुकी है। आरोपी अक्षय के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ के बाद शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

### गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, दपंति की मौत

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**गई। मृतक के पिता** की शिकायत पर पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बारड़ा निवासी जगदीश ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि 28 जून को वह अपने भतीजे संदीप के साथ घर से खेत में जा रहे थे। उसका लड़का प्रदीप व उसकी पुत्रवधू सुनीता अपने खेत से मोटरसाइकिल पर बैठकर घर आ रहे थे। इसी दौरान गांव की तरफ से एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी तेज रफ्तार से आयी। ड्राइवर गाड़ी रॉन्ग साइड में चला रहा था। उसने बताया कि हादसे में प्रदीप व सुनीता को गहरी चोटें लगी। वे दौड़ कर उनके पास पहुंचे तो ड्राइवर अपनी बोलेरो को छोड़ कर मौके से भाग गया। ड्राइवर उनके ही गांव बारड़ा का अमित कुमार था। उसके बाद वे प्रदीप कुमार व पुत्र वधू सुनीता को इलाज के लिए सतनाली के एक निजी अस्पताल में लेकर गए।

### मीठे पानी की छबील लगाकर मनाई वर्षगांठ

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। पुराने नारनौल** रोड स्थित गंगा देवी पांडेय नेत्र चिकित्सालय ने शनिवार को अपने अस्पताल की 35वीं वर्षगांठ के अवसर पर अस्पताल के बाहर मीठे पानी की छबील लगाकर उस रोड से गुजरने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया। अस्पताल के प्रबंधक श्रीनिवास पांडेय ने बताया की महेंद्रगढ़ मूल के डॉ. जसवंत शर्मा जो कि अमेरिका में रहते है। उन्होंने अपने पिता की अचानक आंखो की रोशनी चली गई। उस समय उन्होंने ठान लिया कि किसी और की आंखो के इलाज के आभाव में आंखो की रोशनी न जाए, इसलिए उन्होंने 29 जून 1990 को अपनी दादी के नाम से गंगा देवी पांडेय नेत्र चिकित्सालय की शुरुआत की, जिसका उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता ने किया। इस तरह से पिछले 34 वर्षो से यह अस्पताल लोगों की आंखों का इलाज विश्वस्तरीय मशीनों की सहायता से कर रहा है।

# मीठे पानी की छबील लगाकर मनाई वर्षगांठ

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। पुराने नारनौल** रोड स्थित गंगा देवी पांडेय नेत्र चिकित्सालय ने शनिवार को अपने अस्पताल की 35वी वर्षगांठ के अवसर पर अस्पताल के बाहर मीठे पानी की छबील लगाकर उस रोड से गुजरने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया। अस्पताल के प्रबंधक श्रीनिवास पांडेय ने बताया की महेंद्रगढ़ मूल के डॉ. जसवंत शर्मा जो कि अमेरिका में रहते है। उन्होंने अपने पिता की अचानक आंखो की रोशनी चली गई। उस समय उन्होंने ठान लिया कि किसी और की आंखो के इलाज के आभाव में आंखो की रोशनी न जाए, इसलिए उन्होंने 29 जून 1990 को अपनी दादी के नाम से गंगा देवी पांडेय नेत्र चिकित्सालय की शुरुआत की, जिसका उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता ने किया। इस तरह से पिछले 34 वर्षो से यह अस्पताल लोगों की आंखों का इलाज विश्वस्तरीय मशीनों की सहायता से कर रहा है। शनिवार को अस्पताल प्रबंधन ने इसी खुशी में मीठे पानी की छबील लगाकर अपनी 35वीं वर्षगांठ मनाई।



# एक दिवसीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )

**गीता वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय समालखा स्कूल में एक दिवसीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें क्लास रूम मैनेजमेंट, शिक्षक-शिक्षण, सामाजिक और भावनात्मक कौशल, आदतें और मानसिकता छात्रों को शैक्षणिक और जीवन की सफलता के लिए तैयार कर सकती है आदि विषयों पर मंत्रणा हुई । एक सेवाकालीन शिक्षक, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में अच्छी शिक्षण प्रथाओं और उसी के कार्यान्वयन का समर्थन कर सकता है। रिसोर्स पर्सन प्राचार्य अभिलाषा, उपप्राचार्य रमेश वत्स ने कक्षा प्रबंधन में शिक्षक और छात्र छात्राओं की सहभागिता और एकजुटता पर जोर दिया। कक्षा प्रबंधन को क्रियाकलाप के माध्यम से क्लासरूम मैनेजमेंट ट्रेनिंग मॉड्यूल को बेहतर तरीके से प्रतिभागियों को बताया गया।




रिसोर्स पर्सन ने कहा कि कक्षा संचालन को बेहतर बनाने के लिए नियम बनाने में बच्चों को शामिल करें और नियमों के प्रति उन्हें जवाबदेह बनाएं। इससे बच्चे अपने शिक्षक के प्रति और उनके बनाए नियमों के प्रति अधिक जिम्मेदार बनेंगे। बेहतर भूमिका निभाने वाले बच्चों को पारितोषिक दिया जाए जिससे कि वे प्रोत्साहित हों और परिणाम बेहतर हो। इस व्यवस्था को बच्चों के हर स्तर पर लागू करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने कहा कि कार्यशाला में शिक्षकों ने जो कुछ भी सीखा है उसे अपनी- अपनी कक्षाओं में लागू करें, तभी वांछित परिणाम प्राप्त होंगे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार हमारा प्रयास बच्चों को बेहतर ज्ञान के साथ-साथ बेहतर नागरिक बनाने का भी होना चाहिए। कार्यशाला के आयोजन में प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम, नीरु चावला, शिक्षिका मुक्ता और और मुख्य अध्यापिका अनीता धीमान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सद्कर्मो से ही मुक्ति संभव, गुरुजनों का होना भी जरूरी: सुषमा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। करवा तरावड़ी** स्थित आनंदपुर कुटिया की प्रमुख सुषमा बाई ने आज कहा कि सदकर्मो से ही मुक्ति संभव है। इसके लिए गुरुजनों का होना भी जरूरी है, क्योंकि गुरुजन ही मुक्ति का मार्ग दिखाते है।

सुषमा बाई ने कहा कि मनुष्य जीवन बड़ा अनमोल है, इसे आप व्यर्थ में ना गंवाए। ईश्वर ने यह जीवन आपको मोक्ष हासिल करने के लिए एक मौके के रूप में दिया है। इसलिए यदि आप अच्छे कर्म और सच्चाई के मार्ग पर चलेंगे तभी यह जीवन सफल हो पाएगा। वह आज पत्रकार फतेह चंद चावला की प्रार्थना सभा में जनसमूह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि यह संसार लालच, मिथ्या और भ्रम के



मायाजाल में फंसा है। इस माया जाल से केवल वही व्यक्ति बाहर निकलकर भगवान की शरण में जा सकता है, जिनके ऊपर सदा गुरुओं का हाथ होता है। सुषमा बाई ने कहा कि भारत की इस धरती पर ऐसे महान संत भी हुए, जिन्होंने पूरे विश्व को धर्म का ज्ञान बांटा। ईश्वर ने अलग-अलग रूपों में धरती पर अवतरित होकर हमेशा मानव को धर्म के मार्ग का रास्ता दिखाया है, लेकिन हम बार-बार भटक जाते हैं। हम लोभ और माया के चक्कर में फंस जाते है, लेकिन ईश्वर लोभ और माया से बिलकुल परे है। सुषमा बाई ने कहा कि हर इंसान को मरने के बाद अपने कर्मों का हिसाब-किताब ईश्वर को ही देना पड़ता है। हम रोज अपने सामने कई लोगों को इस धरती से विदा होते हुए देखते है। धरती से विदा हुआ प्राणी हमें हर बार सीख देकर जाता है। लेकिन हम उस सीख को भूल जाते है। जब-जब मानव भटका है, तब-तब उसे बार-बार धरती पर आना पड़ता है। हर मानव चाहता है कि उसे मोक्ष मिल जाए। पत्रकार फतेह चंद चावला को श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक धर्मपाल गोंदर, एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, राइस एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश बंसल, कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराज, त्रिलोचन सिंह, ललित बुटाना, राकेश नागपाल, किशोर नागपाल, राजेश चौधरी, इन्द्रजीत गोराया, डा. संजय कुमार, प्रो. राजेश वैध, अमन गुप्ता, डा. बलबीर सिंह विर्क, पंकज गोयल, प्रमोद बंसल, विनीत बंसल, राजकुमार तायल, प्रदीप गुप्ता, तिलक राज मक्कड़, अजय मक्कड़, सुनील गुप्ता, संजय सिंगला, गऊशाला के प्रधान राकेश गर्ग, अनाज मंडी के प्रधान शीशपाल गुप्ता, नपा अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, स.मलकीत सिंह, रोशन लाल गुप्ता, समाजसेवी रमेश नारंग, पंजाबी सभा के अध्यक्ष राजीव नारंग, भाजपा नेता शिवनाथ कपूर, प्रेम सचदेवा, अनिल नारंग, नरेश घुघ, हन्नी चौधरी, मुकेश चौधरी, प्रवेश गाबा, कांग्रेस नेता राजिन्द्र बल्ला, नंद किशोर खुराना, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्ढा, कांग्रेस नेता सुल्तान सिंह सोल्हो, सीएमओ डा. विनोद कमल, रामपाल लाठर, कांग्रेस नेता राजीव गोंदर, कांग्रेस नेता नरेन्द्र कुमार अग्गी, कांग्रेस नेता ओमप्रकाश सलूजा मौजूद रहे।

# नवनियुक्त एसपी मोहित हांडा ने संभाला पदभार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। आज एसपी मोहित** हांडा ने जिला सचिवालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद पुलिस कप्तान ने सभी अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। बैठक के बाद एसपी सीधे कर्ण स्टेडियम पहुंचे और 57वें जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने हवा में गुब्बारे छोड़कर और रिबन काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इसके साथ ही एसपी ने टूर्नामेंट प्रबंधन समिति के चेयरमैन के साथ बैडमिंटन भी खेला, जो खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी रहा। टूर्नामेंट प्रबंधन समिति ने पुलिस कप्तान का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान एसपी मोहित हांडा ने बातचीत करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता कानून व्यवस्था को बनाए रखना और चल रहे कार्यों को आगे बढ़ाना रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी तरह का सुझाव आता है तो उस पर भी विचार किया जाएगा और अपराध नियंत्रण के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। नए कानूनों को लागू करने के लिए भी काम किया जाएगा। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया, ताकि युवा पीढ़ी स्वस्थ और समृद्ध बने। एसपी मोहित हांडा ने बच्चों को अपनी पॉजिटिव ऊर्जा को खेलों में लगाने का संदेश दिया और किसी भी नेगेटिव विचार को मन में न आने देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा का इतिहास है कि यहां के खिलाड़ियों ने विश्व में देश का नाम रोशन किया है और आगे भी करते रहेंगे।

# गांव अमृतपुर कलां में चोरों ने एक घर को बनाया निशाना

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के** गांव अमृतपुर कलां में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया और घर का ताला तोडकर अलमारी में रखी नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। यह वारदात उस समय हुई, जब घर मालिक और उसकी पत्नी दोनों काम पर गए हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमृतपुर कलां निवासी शिकायतकर्ता विक्रम ने बताया कि वह मजदूरी करता है और उसका घर गांव के मुख्य बस स्टैंड के पास है। कल विक्रम जीबी राइस मदनपुर करनाल में काम पर गया हुआ था और उसकी पत्नी भी खेतों में काम करने गई हुई थी। इसी दौरान दिन में चोरों ने उनके घर में सेंध लगा दी। इस दौरान चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोडकर 13500 रुपए, नकद, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक चूड़ी, एक मंगलसूत्र, 2 चांदी की अंगूठी, 1 सोने की अंगूठी और एक सैमसंग मोबाइल चोरी कर लिया। जब विक्रम को इस घटना की जानकारी हुई तो उसने तुरंत डायल 112 पर कॉल किया। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और वीडियो और फोटो खींचे मधुबन थाना के जांच अधिकारी रामचंद्र ने बताया कि अमृतपुर कलां गांव में घर का ताला तोडकर नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने की शिकायत मिली है।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस** ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोपी को शामिल तफ्तीश किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोप मे हरप्रीत सिंह उर्फ हैरी वासी हरगोविंद सिंह नगर जिला गुरदासपुर पंजाब को मामले में शामिल तफ्तीश करके 1 लाख रुपये बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि




थाना शहर थानेसर में दी अपनी शिकायत में दीपक मैहला पुत्र धर्मेन्द्र मैहला वासी जडौला जिला कैथल ने बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उसने हरप्रीत सिंह उर्फ हैरी से मुलाकात की थी । विदेश जाने के लिए उसके और आरोपी के बीच 18 लाख रुपये में इकरारनामा हुआ था । जिसमे आधी रकम पहले तथा आधी रकम जाने के बाद देने की बात तय हई थी। इसके बाद उसने आरोपी के खाते में 27 जनवरी 2023 को 6 लाख 30 हजार रुपये जमा कराए थे। इसके बाद आरोपी ने ना तो उनका वीजा लगवाया और ना ही उनके पैसे वापस किये। पैसे वापस मांगने पर आरोपी धमकी देते हैं । जिसकी शिकायत पर थाना शहर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक राम प्रकाश को सौंपी गई। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई ।

# ट्रांसफर को लेकर स्थिति साफ करे शिक्षा विभाग

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। शिक्षक** तबादला संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार, शिक्षा मंत्री और विभागीय अधिकारियों ने अनुरोध किया है कि शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर स्थिति साफ की जाए, ताकि तमाम तरह की शंकाओं को विराम लगे और सभी वर्गों के शिक्षकों के लिए अविलंब ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए। उपरोक्त मांग संघ के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण और राज्य महासचिव रामनिवास संगोही ने की। उन्होंने मांग की कि फिलवक्त शिक्षकों के ऑनलाइन ट्रांसफर शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी हित के लिए बेहद



जरूरी है। ट्रांसफर सभी वर्गो (जेबीटी, टीजीटी, पीजीटी, प्रिंसिपल और गेस्ट) के होने चाहिए, क्योंकि हजारों की संख्या में शिक्षक टेम्परेरी स्टेशनों पर बैठे हैं, सैकडों की संख्या में शिक्षक एनीवेयर स्टेशनों पर बैठे हैं। वहीं बहुत सारे स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, जिससे विभाग का गणित गडबडाया हुआ है। कृष्ण कुमार निर्माण ने इस बात पर हैरानी जताई कि हरियाणा की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी से प्रभावित होकर उत्तरप्रदेश जैसा बड़ा राज्य ट्रांसफर ड्राइव चलाने की ओर आगे बढ़ रहा है, मगर हरियाणा सरकार कदम पीछे खिंचती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने यह भी मांग कर डाली कि यदि सरकार ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव चलाना नहीं चाहती तो मैनुअल ट्रांसफर ही कर दें, ताकि शिक्षक और शिक्षार्थी राहत की सांस लें। उन्होंने इस बात पर भी हैरानी जताई कि शिक्षा मंत्री से मिलने पर आश्वासन मिला, मगर वार्ता का कोई सकारात्मक हल अभी तक नहीं निकल पाया। साथ ही समिति अब तक तीन से चार बार इएम, सीएम को मेल भेजकर मांग कर चुका है, मगर ऐसा लगता है कि शायद मेल देखी नहीं जाती और देखी जाती है तो सम्भवतः इग्नोर कर दी जाती है।

ट्रांसफर चाहने वाले हजारों शिक्षकों से कई लाख पारिवारिक लोग भी जुड़े हैं, जो परेशान हैं। अतः सरकार और शिक्षा विभाग को चाहिए कि अविलंब ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए। इस अवसर पर उनके साथ पूनम मलिक, विजय कुमार, विनोद कुमार, सतपाल मलिक, रामनाथ शास्त्री, नेत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# रंगमंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नाट्य कार्यशाला आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:धरती एक रंगमंच है,** यहां हर इंसान आता है, अपना किरदार निभाता है और चला जाता है। नटराज संगीत एवं नृत्य विद्यालय की पहल पर रंगमंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नाटक प्रशिक्षण कार्यशाला "मुखौटा-1" का आयोजन उधम सिंह चौक स्थित एनएसएन विद्यालय में किया। यह उल्लेखनीय है कि कार्यशाला का आरंभ संस्था के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात सागर फिटनेस कोच द्वारा शारीरिक व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के



महत्व पर विचार प्रकट करते हुए संस्था के अध्यक्ष व कार्यशाला के संयोजक प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था कार्यशाला के दौरान किशोर-किशोरियों के साथ नाटक बनाने, लिखने और निर्देशन करने की प्रक्रिया पर बात हुई ।

## संपादकीय

# विश्व को वृक्ष-वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता

**वातावरण में** तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, "पीपल का वृक्ष मैं ही हूं।" भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमण्डलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है। यहां भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिन्दू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है। विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है। वृक्ष बोलते हैं संभवतः। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़ पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले 'पेड़ कटवा' को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए। वनस्पतियां ढेर सारी हैं लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नवें मण्डल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। (9.114.2) सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोमरस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था। यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोमरस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में 'होम' वनस्पति की चर्चा है। पारसियों के धर्मग्रन्थ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे। ऋग्वेद में औषधि विज्ञान सम्बंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, "हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें।" वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, "आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें।" खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, "आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें।" वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं।" कवि को विश्वास है कि, "औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं।" अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है।

# आखिर क्यों चुप्पी साध गई पक्षियों की चहचाहट?

डॉ. सत्यवान सौरभ

> कीटनाशक और अन्य विषाक्त पदार्थ के कारण यूएस फिश एंड वाइल्ड लाइफ सर्विस का अनुमान है कि हर साल लगभग 72 मिलियन पक्षी कीटनाशक विषाक्तता से मर जाते हैं। पक्षियों पर कीटनाशकों के वास्तविक प्रभाव का आकलन करना मुश्किल है: प्रदूषण और विषाक्त पदार्थ उप-घातक प्रभाव पैदा कर सकते हैं जो सीधे पक्षियों को नहीं मारते हैं, लेकिन उनकी लंबी उम्र या प्रजनन दर को कम करते हैं। कीटनाशकों के अलावा, भारी धातुओं (जैसे सीसा) और प्लास्टिक कचरे सहित अन्य संदूषक भी पक्षियों के जीवन काल और प्रजनन सफलता को सीमित करते हैं। तेल और अन्य ईंधन रिसाव का पक्षियों, विशेष रूप से समुद्री पक्षियों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तेल पक्षियों के पंखों का सबसे बड़ा दुश्मन है

**पक्षियों को प**र्यावरण की स्थिति के सबसे महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक माना जाता है। क्योंकि वे आवास परिवर्तन के प्रति संवेदनशील हैं और पक्षी पारिस्थितिकीविद् के पसंदीदा उपकरण हैं। पक्षियों की आबादी में परिवर्तन अक्सर पर्यावरणीय समस्याओं का पहला संकेत होता है। चाहे कृषि उत्पादन, वन्य जीवन, पानी या पर्यटन के लिए पारिस्थितिक तंत्र का प्रबंधन किया जाए, सफलता को पक्षियों के स्वास्थ्य से मापा जा सकता है। पक्षियों की संख्या में गिरावट हमें बताती है कि हम आवास विखंडन और विनाश, प्रदूषण और कीटनाशकों, प्रचलित प्रजातियों और कई अन्य प्रभावों के माध्यम से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

हाल ही की एक रिपोर्ट, 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स बर्ड्स' के अनुसार, दुनिया भर में मौजूदा पक्षी प्रजातियों में से लगभग 48 फीसदी आबादी गिरावट के दौर से गुजर रही है या होने का संदेह है। प्राकृतिक प्रणालियों के महत्वपूर्ण तत्वों के रूप में पक्षियों का पारिस्थितिक महत्व है। पक्षी कीट और कृंतक नियंत्रण, पौधे परागण और बीज फैलाव प्रदान करते हैं जिसके परिणामस्वरूप लोगों को ठोस लाभ होता है। कीट का प्रकोप सालाना करोड़ों डॉलर के कृषि और वन उत्पादों को नष्ट कर सकता है। पर्पल मार्टिंस लंबे समय से हानिकारक कीटनाशकों के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय लागत (आर्थिक लागत का उल्लेख नहीं) के बिना कीट कीटों की आबादी को काफी हद तक कम करने के एक प्रभावी साधन के रूप में जाना जाता है। पक्षी प्राकृतिक प्रणालियों में कीड़ों की आबादी को कम करने और बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्वी जंगलों में पक्षी 98 प्रतिशत तक बुडवार्म खाते हैं और 40 प्रतिशत तक सभी गैर-प्रकोप कीट प्रजातियों को खाते हैं। इन सेवाओं का मूल्य 5,000 डॉलर प्रति वर्ष प्रति वर्ग मील वन पर रखा गया है, संभावित रूप से पर्यावरण सेवाओं में अरबों डॉलर में अनुवाद किया जा सकता है। पक्षियों और जैव विविधता के नुकसान का सबसे बड़ा खतरा आवासों का विनाश और क्षरण है। पयार्वास के नुकसान में प्राकृतिक क्षेत्रों का विखंडन, विनाश और परिवर्तन शामिल है, जिन्हें पक्षियों को अपने वार्षिक या मौसमी चक्र को पूरा करने की आवश्यकता होती है।



**कीट का प्रकोप सालाना करोड़ों डॉलर के कृषि और वन उत्पादों को नष्ट कर सकता है। पर्पल मार्टिंस लंबे समय से हानिकारक कीटनाशकों के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय लागत (आर्थिक लागत का उल्लेख नहीं) के बिना कीट कीटों की आबादी को काफी हद तक कम करने के एक प्रभावी साधन के रूप में जाना जाता है**

1800 के दशक के बाद से अधिकांश पक्षी विलुप्त होने के लिए आक्रामक प्रजातियां जिम्मेदार हैं, जिनमें से अधिकांश समुद्री द्वीपों पर हुई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले हवाई में, आक्रामक रोगजनकों और शिकारियों ने 71 पक्षी प्रजातियों के विलुप्त होने में योगदान दिया है। कुछ पक्षियों का अवैध शिकार वाणिज्यिक और निर्वाह उद्देश्यों के लिए, भोजन के लिए, या उनके पंखों के लिए किया जाता है। ऐतिहासिक रूप से, कुछ प्रजातियों का अत्यधिक शिकार विलुप्त होने का प्रमुख कारण रहा है। स्थानीय स्तर पर निर्वाह के शिकार के परिणामस्वरूप शायद ही कभी प्रजातियों का विलोपन होता है।

व्यावसायिक शिकार से किसी प्रजाति के मरने की संभावना अधिक होती है।

जलवायु परिवर्तन से आवास के नुकसान और आक्रामक प्रजातियों के खतरों के साथ-साथ नई चुनौतियों का निर्माण करने का खतरा है, जिन्हें पक्षियों को दूर करना होगा। इसमें आवास वितरण में बदलाव और चरम खाद्य आपूर्ति के समय में बदलाव शामिल है जैसे कि पारंपरिक प्रवासन पैटर्न अब पक्षियों को नहीं रख सकते हैं जहां उन्हें सही समय पर होने की आवश्यकता होती है। अन्य मानव निर्मित संरचनाओं के साथ टकराव भी एक इनकी मौत का कारण है। उदाहरण के लिए, पावरलाइन पक्षियों के लिए एक खतरा पेश करती है, विशेष रूप से बड़े पंखों वाले, और हर साल 25 मिलियन पक्षियों की मौत का अनुमान है। संचार टावरों का अनुमान है कि हर साल 7 मिलियन पक्षियों की मौत हो जाती है और रात में प्रवास करने वाले पक्षियों के लिए एक विशेष खतरा पैदा होता है।

कीटनाशक और अन्य विषाक्त पदार्थ के कारण यूएस फिश एंड वाइल्ड लाइफ सर्विस का अनुमान है कि हर साल लगभग 72 मिलियन पक्षी कीटनाशक विषाक्तता से मर जाते हैं। पक्षियों पर कीटनाशकों के वास्तविक प्रभाव का आकलन करना मुश्किल है: प्रदूषण और विषाक्त पदार्थ उप-घातक प्रभाव पैदा कर सकते हैं जो सीधे पक्षियों को नहीं मारते हैं, लेकिन उनकी लंबी उम्र या प्रजनन दर को कम करते हैं। कीटनाशकों के अलावा, भारी धातुओं (जैसे सीसा) और प्लास्टिक कचरे सहित अन्य संदूषक भी पक्षियों के जीवन काल और प्रजनन सफलता को सीमित करते हैं। तेल और अन्य ईंधन रिसाव का पक्षियों, विशेष रूप से समुद्री पक्षियों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तेल पक्षियों के पंखों का सबसे बड़ा दुश्मन है है, जिससे पंख अपने जलरोधक गुणों को खो देता है और पक्षी की संवेदनशील त्वचा को अत्यधिक तापमान में झुलसा देता है।

जीना दूभर है हुआ, फैले लाखों रोग ।
जब से हमने है किया, हरियाली का भोग ।।
शहरी होती जिंदगी, बदल रहा है गांव ।
धरती बंजर हो गई, टिके मशीनी पांव ।।

दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त पक्षी प्रजातियों की रक्षा करें,महत्वपूर्ण जैव विविधता वाले क्षेत्रों में पक्षी सर्वेक्षण करना,पक्षियों की रक्षा के लिए आर्द्रभूमि की रक्षा करें संरक्षण रणनीति में जनसंख्या बहुतायत और परिवर्तन का विश्वसनीय अनुमान लगाना शामिल है। अधिक कटाई वाले जंगली पक्षियों की मांग में कमी के लिए नए और अधिक प्रभावी समाधान बड़े पैमाने पर लागू किए गए। हरित ऊर्जा संक्रमण की निगरानी करना जो अनुपयुक्त तरीके से लागू किए जाने पर पक्षियों को प्रभावित कर सकते हैं। पक्षी पर्यावरणीय स्वास्थ्य के अत्यधिक दृश्यमान और संवेदनशील संकेतक हैं। उनका नुकसान जैव विविधता के व्यापक नुकसान और मानव स्वास्थ्य और कल्याण के लिए खतरे का संकेत देता है। इस प्रकार, हमें तेजी से बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की गति को कम करने के लिए प्रकृति पर बढ़ते मानव पदचिह्न को कम करने के लिए सरकार, पर्यावरणविदों और नागरिकों के समन्वित कार्यों की आवश्यकता है।

सच्चा मंदिर है वही, दिव्या वही प्रसाद ।
बंटते पौधे हों जहां, संग थोड़ी हो खाद ।।
पेड़ जहां नमाज हो, दरख्त जहां अजान।
दरख्त से ही पीर सब, दरख्त से इंसान ।।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## कविता

**मां आंचल की छांव.**
**पिता कर्मयोगी '**

पिता प्रयोग धर्मी होतें हैं,
और माँ की ममता भावुक।।
पिता सिर्फ समझते हैं,
कर्म और धर्म की बोली,
माँ दिल की धड़कने ।
माँ समझती हैं बेटे का हाल,
बेटे के अरमानों का आकाश ,
दिल के भीतर की हलचल,
ह्रदय का स्पंदन,धड़कने।
चेहरे के हाव-भाव,
दोस्तों की आवारगी,
धड़कनो की सिसकियाँ,
बढ़ते अरमानो की,
लम्बी लंबी फरमाईसे,
प्रेमिका के सपने ,
और
टूट जाना किसी के लिए दिल का,
माँ सब कुछ जान जाती हैं ।।
पिता होते हैं सख्त,मजबूत
निर्विकार,
कड़क,
सीधे किसी से समझौता न करने
कटिबद्ध,अनुभवी,चट्टान की तरह,
माँ होती है
भोली, नादान और सहज वात्सल्य से
ओतप्रोत,
उनके चेहरे पर ही होता माँ होंने का अहसास.
पिता के चहरे पर,
इसकी जरुरत नहीं होती।

संजीव
---------

# इस रूट के सभी घोड़े हिनहिना रहे हैं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पुराने मा**लिक ने अपने गुम हुए घोड़ों से बात करने के लिए फोन लगाया। दूसरी ओर से जवाब आया झ इस रूट के सभी घोड़े हिनहिना रहे हैं। पुराने मालिक के पास जिन घोड़ों को पानी, चना और अस्तबल मिलता था, उन्हीं को नए मालिक के पास मधुशाला की असीम धारा, मुर्ग मुसल्लम और आलीशान होटलों का बंपर ऑफर मिलता है। ऐसे घोड़े महंगा-महंसा फोन इस्तेमाल करते हैं, लेकिन स्विचॉफ करके। इनकी आँखों पर माया की पट्टी बांधकर कभी कहीं एयरपोर्ट तो कहीं महंगी चार चक्का के ताम-झाम में नए मालिक के इशारों पर हिनहिनाने के लिए बंजारों की तरह इधर से उधर घुमाने के लिए नाक में नकेल डाल दी जाती है। इशारों के नकेली घोड़े नोटों की हरी-हरी घांस चरते हुए नए मालिक के लिए हिनहिनाते हुए स्वयं को भाग्यवान समझते हैं। इसे ही आसान शब्दों में हॉर्स ट्रेडिंग कहा जाता है। किताबों में पढ़ा था कि फलाँ शताब्दी में जब घोड़ों के व्यापारी अच्छी नस्ल के घोड़ों की खरीद-फरोख्त करते थे और कुछ अच्छा पाने के लिए किसी तरह के जुगाड़ या चालाकी के लिए जो तकनीक अपनाते थे, उसे ही हॉर्स ट्रेडिंग कहा गया। बताया जाता है कि इस दौरान व्यापारी अपने घोड़ों को कहीं पर छुपा देते थे, कहीं पर बांध देते थे या फिर किसी और अस्तबल में पहुंचा देते थे। फिर अपनी चालाकी, पैसों के लेन-देन के दम पर सौदा करते थे। राजनीति में हॉर्स ट्रेडिंग ठीक इसके विपरीत होता है। जो पहुँचा हुआ होता है वह उतना ही नीचा काम करने के लिए जाना जाता है। वह सबसे पहले अच्छे घोड़ों के बदले छंटे हुए बदमाश, नोटों की हरी-हरी घांस के लिए माँ-बहन बेचने वाले, सबसे घटिया किस्म के खच्चर टाइप के नेताओं की तलाश करते हैं। चूंकि ये नोटों की हरी-हरी घांस खाने के सिद्धांत के परम उपासक होते हैं, इसलिए इन्हें मनचाहा घांस फेंककर दूसरों की घांस पर मुँह मारने से वंचित रखते हैं। यही खच्चर टाइप के घोड़े जब अपनी विश्वसनीयता सिद्ध करने के लिए अंतिम जगह पर पहुँचते हैं तब एक साथ जोर से हिनहिनाने लगते हैं। उनके हिनहिनाने में यह साफ होता है कि हम पुराने मालिक की सूखी-सूखी घांस से उबिया गए थे। अब हम नए मालिक की हरी-हरी घांस में मजा आ रहा है। इसलिए हम नए मालिक का ही फेंका हुआ घांस खायेंगे। हम इनके लिए जहाँ कहें वहाँ, जब कहें तब, जैसे कहें वैसे हिनहिनाने के लिए तैयार हैं। हमारी विशेषता यह है कि हम कभी नहीं बैठते। पता नहीं कौन कब कहाँ दौड़ने छिपने और हरी खांस वाले नोट खाने के लिए कह दे। हम केवल मरते समय जमीन चाटते हैं, वरना मरते दम तक नीयत बदलने के लिए खड़े रहने में हमारा सानी कौन हो सकता है! समय बदलता रहता है, लेकिन हम नहीं बदलते। जब तक हम हैं तब तक हिनहिनाना है। जब तक नोटों की हरी-हरी घांस है तब तक हमारा मुँह मारने का सिलसिला जारी रहता है। काश महाराणा प्रताप का चेतक और महारानी लक्ष्मीबाई का पवन भी हमारे साथ होता। उन्हें भी हम हिनहिनाना सिखा देते। दुर्भाग्य से वे बिना हिनहिनाए इस दुनिया से चल बसे।

## विचार

# संस्कार संस्कृति को नकारती नई पीढ़ी

**संजीव**

नई युग के रूपांतरण के साथ ही संयुक्त परिवार का विघटनकारी स्वरूप सामने आने लगा है बुजुर्ग लोगों को वृद्धा-आश्रम के हवाले सौंपने के पश्चात नौजवान पीढ़ी अपने एकल परिवार को लेकर अलग-अलग निवास करने लगी है और इसी के फल स्वरुप भारतीय संस्कृति तथा संस्कारो को नकारती हुई पाश्चात्य संस्कृति को आत्मसात करने में लगी हुई है। भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन तार्किक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आया बारिशों का मौसम

**डॉ घनश्याम बादल**

भीषण गर्मी के बाद जब बारिश की रिमझिम फुहारें पड़ती हैं तो तन और मन दोनों को भारी सुकून मिलता है और गर्मी में शरीर पर उभर आई घमौरियां भी खुद ब खुद हटने लगती हैं। इतना ही नहीं बारिश में नहाने का तो मजा ही अलग है । प्रकृति की सौगात बनकर आती है आषाढ़ की पहली बारिश ।

एक तरह से गर्मी से त्रस्त मनुष्यों एवं दूसरे जीवों की गुहार से ऐसा लगता है जैसे बादलों का मन पसीज कर नीचे आ गया हो । बेशक बारिश का मौसम सुहावना होता है खास तौर पर बच्चों के लिए तो मस्ती का मौसम है बारिश का मौसम।

लेकिन कई बार बरसात का मौसम अपने साथ कई मुसीबतें लेकर आता है। एक तो गर्मी व उमस की मार, ऊपर से चटपटा खाने का मन और पेट के खराब होने का पूरा चांस । हरी सब्जियां यूँ तो बहुत सारी आने लगती हैं मगर कीमत व स्वाद की दृष्टि से कम ही रूचिकर लगती है। ऊपर से संक्रमण का डर हमेशा बना रहता है। ऐसे में मन जब अनायास ही चटपटी, बाजारू चाट पकौड़ियों, शीतल पेय, शर्बतों, लस्सियों या जलजीरा वालों की तरफ खिंचा चला जाता है कटे हुए टमाटर व तरबूज तथा आईस्क्रीम पर तो बच्चे टूट ही पड़ते हैं तब यही आकर्षण अक्सर आंत्रशोथ या पेचिश का कारण बन जाता है। गन्ने का रस तो एक प्रकार से स्वास्थ्य का दुश्मन ही साबित होता है बारिश के मौसम में और तरबूज तथा खरबूजा का स्वाद बिगड़ जाता है तथा यह फल स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हो जाते हैं इतना ही नहीं दही जैसी पौष्टिक वस्तु भी बारिश के मौसम में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो जाती है ।

बाजार में ठेलों या दुकान से कटे हुए फल, खुले खाद्य पदार्थ, बिना धुला सलाद व हरी सब्जियां, बिना हाथ धोए कुछ भी खा लेना, बासी और आठ घण्टे से ज्यादा का बना भोजन, बिना फ्रिज की रखी लस्सी, शर्बत,, बिना फिल्टर किया पानी, मक्खियों से लथपथ खुले में रखे चाट-पकौड़े, मिठाईयां, लोकल आईसक्रीम व शीतलपेय ही नहीं, गन्ने के रस जैसे प्राकृतिक किंतु असुरक्षित पेय भी आंत्रशोथ के कारण बनते है।

# आकांक्षी डॉक्टरों के लिए भविष्य क्या है?

**विजय गर्ग**

**2024** में, लगभग 23.33 लाख छात्रों ने ठएएळ-वत्रृपरीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से लगभग 13 लाख छात्र 4 जून को घोषित परिणामों में उत्तीर्ण हुए। विसंगतियों और पेपर लीक के आरोपों के बाद, 1,563 में से 813 छात्र 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए, जिसके परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। इस बीच, एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई ने जारी रखी है, जबकि एनईईटी-यूजी काउंसलिंग जुलाई में शुरू होने वाली है। जैसे ही छात्र इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हैं, कैरियर विशेषज्ञ हमें यह समझने में मदद करते हैं कि स्नातक चिकित्सा उम्मीदवारों के लिए भविष्य क्या है। परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ अभ्यर्थियों ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। फोटोः एएनआई फोटो लगभग एक दशक पहले, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा पहले आयोजित अखिल भारतीय प्री मेडिकल टेस्ट की अनियमितताओं और कदाचारों से निपटने के लिए एक समाधान के रूप में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) परीक्षा की सिफारिश की गई थी। विरोध प्रदर्शनों और राजनीतिक बहसों की एक श्रृंखला के बाद, ठएएळ-वत्रृ को अंततः भारत में स्नातक चिकित्सा कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के लिए एकल राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के रूप में अपनाया गया। जबकि परीक्षा हर साल अपने सख्त ड्रेस कोड और जिस तरह से उम्मीदवारों, विशेष रूप से युवा महिलाओं की परीक्षा केंद्र पर तलाशी ली जाती है, को लेकर विवाद जारी है, लेकिन ऐसे विशेषज्ञ भी हैं जो मानते हैं कि यह राज्य बोर्डों के छात्रों के लिए नुकसानदेह है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जिस तरह से परीक्षा आयोजित की गई है उसमें अनियमितताओं के विभिन्न उदाहरणों के बारे में भी काफी चर्चा हुई है। इस साल, परीक्षा - जो 5 मई को आयोजित की गई थी - देश के कई केंद्रों पर छात्रों द्वारा कथित तौर पर नकल करने की खबरों के कारण सुर्खियों में आई, इसके बाद प्रश्नपत्र लीक होने और छात्रों को परीक्षा पूरी करने के लिए निर्धारित समय से कम समय दिए जाने की खबरें आईं।

## न्यूज फ्लैश

### गांव रसूरलपुर खुर्द में कई दर्जन लोगों ने परिवार पर बोला हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के रसूलपुर** खुर्द गांव में करीब 30-40 लोगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब रसूलपुर खुर्द निवासी राजबीर का बेटा धर्मबीर और सूरज अपनी बुआ से मिलने के लिए कार से रांवर जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार बाबा सीता राम मेले में लगी दुकानों के ठेलों से छू गई, जिस पर विवाद हो गया। आरोप है कि इस विवाद के दौरान डेढ़ लाख रुपए और दस हजार रुपए की घड़ी भी गायब हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजबीर के मुताबिक उनके बेटे धर्मबीर ने उन्हें फोन कर बताया कि उनकी कार एक मोटरसाइकिल और दुकानों के ठेलों से छू गई है, जिसके बाद कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। धर्मबीर ने इसकी सूचना अपने पिता राजबीर को दी, जो तुरंत मौके पर पहुंचे। जैसे ही वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि काला, बंटी, कश्यप और उनके करीब 30-40 साथियों ने धर्मबीर और सूरज पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। राजबीर ने बताया कि उनके बेटे और भाई को नाजायज चोटें मारी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई। इस हमले में राजबीर की कार को भी बुरी तरह से तोड़ दिया गया। कार को तोडने के साथ-साथ उनकी 10 हजार रुपए की घड़ी और डेढ़ लाख रुपए नकद भी गायब हो गया। मामले की सूचना मिलते ही राजबीर ने थाना मधुबन में शिकायत दर्ज कराई। एसएचओ नरेश कुमार ने शिकायत के आधार पर काला, बंटी, अक्षय, लंगड़ा, सागर बाबा और उनके अन्य 30-40 साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों को जल्द ही पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। ग्लोबल वार्मिंग को** ध्यान में रखते हुए क्षत्रिया राजा रोड समाज के द्वारा आज पौधारोपण किया गया, जिसमें बाबा लकड़ नाथ जी का डेरा बजिदा रोड़ान व शाहपुर शिव मंदिर में पौधे लगाए गए। संस्था के प्रधान रणबीर लाठर व राजेश लाठर ने कहा जिस तरह से कंक्रीट के जंगल फैल रहे हैं उसे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, इसलिए देश के हर नागरिक का दायित्व बनता है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर वह भी पौधारोपण करें, न केवल पौधारोपण करें बल्कि उसकी देखभाल करके पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। संस्था के पदाधिकारी ने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के चलते पर्यावरण को खतरा है। बरसात पहले की अपेक्षा कम हो रही है पेड़ों की कटाई चिंताजनक है, इसलिए समाज को इस मुहिम में आगे आना होगा। जब वृक्ष ही नहीं होंगे, यह जीवन भी नहीं होगा।यदि इनकी सृष्टि से छेड़छाड़ की गई तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस मौके पर सुरजीत मंजूरा, राजेश चोपड़ा, अमित खोखर, सोहन मूंदड़ी, परमिंदर रोडवंशी, शीशपाल लाठर, बलजीत सरपंच, रिंकू चौधरी, मोहन, महावीर मेहला व राजेश लाठर ने बाबा जी का आशीर्वाद लेकर यह सेवा शुरू की। भविष्य में भी समाज सेवा निरंतर जारी रहेगी।

### महेंद्रगढ़ में मंजूर हुए छह नए उपस्वास्थ्य केंद्र एवं एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। सतनाली एवं महेंद्रगढ़** क्षेत्र में छह नए उपस्वास्थ्य केंद्र तथा एक नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंजूर हुआ है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया हरियाणा सरकार ने महेंद्रगढ़ एवं सतनाली इलाके को सौगात देते हुए छह नए उप स्वास्थ्य केंद्र तथा एक नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने बारे मंजूरी दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में यह एक सकारात्मक प्रयास है। गांव डिगरोता, गढ़ी, पालड़ी पनिहारा, खातोदड़ा, ढाढोत एवं बसई में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने की मंजूरी आ गई है। इलाके के बड़े गांव आकोदा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाएगा। संदीप मालड़ा ने बताया कि इन सभी गांवों के सरपंचों के साथ तालमेल करके जल्द ही जमीन बारे प्रस्ताव करवाया जाएगा तथा इनके भवन निर्माण का बजट भी जल्द ही मंजूर करवाया जाएगा।

# विकास कार्यों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के साथ करवायें पूरा: उपायुक्त

**प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें कार्य, जिला प्रशासन की ओर से मिलेगा पूर्ण सहयोग**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: उपायुक्त डॉ० मनोज** कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं व अन्य योजनाओं के तहत गांव में किए जा रहे विकास कार्यों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के साथ पूरा करवाएं ताकि ग्रामीणों को सभी सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर किसी कार्यों को करवाने में किसी अधिकारी को कोई परेशानी आ रही है तो उस समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को पूरा करने में अगर कोई अधिकारी ढिलाई करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने शनिवार को कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं, एचआरडीएफ योजना, अमृत सरोवर, ग्रे वाटर मैनेंजमेंट, तालाबों का सौंदर्यकरण, शिवधाम, एमपी लैड, स्वीमित्व,



जन स्वांद, सीएम विंडो आदि योजनाओं व पोर्टल को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों की गंभीरता से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे इन घोषणाओं को समयबद्धता के साथ शीघ्र पूरा करवायें। कोई भी घोषणा लंबित नहीं रहनी चाहिए। जो भी स्थिति है उसे अपडेट करें। इसके अलावा अगर कोई सीएम घोषणा पर कार्य नहीं किया जा सकता तो उसे नॉट फिजिबल करवाएं। उपायुक्त ने डी-प्लान के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहना चाहिए। यदि कोई कार्य संभव नहीं है तो उसकी नोट फिजिबिलिटी की रिपोर्ट दें। सांसद निधि कोष के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि गलियों का निर्माण कार्य एक माह के भीतर पूरा करें। गलियां का निर्माण कार्य अधूरा नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अमृत सरोवर योजना को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी गांवों में तालाबों के सौंदर्यकरण का कार्य चल रहा है उस कार्य को तुरंत पूरा करवाएं क्योंकि बारिश का सीजन का चुका है तो इन कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें। इसके अलावा गांवों की सभी तालाबों की साफ-सफाई रखी जाए, अगर कोई व्यक्ति किसी तालाब में गंदगी या कूड़ा फैकता है तो पंचायत उसपर जुमार्ना लगाए ताकि तालाब साफ रहे सकें। उन्होंने कहा

कि अगर किसी गांव में कोई तालाब ओवर फलो है तो उसे तुरंत खाली करवाएं ताकि बारिश के समय लोगों के घरों में पानी न पहुंचे। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी सीएम विंडो पोर्टल की पुरानी शिकायतों का तुरंत समाधान करवाएं। इसके अलावा जनसंवाद पोर्टल पर आने वाली शिकायतों व विकास कार्यों की मांगों को भी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि जिला के प्रत्येक गांव में पीने के पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए, अगर किसी भी गांव में कोई परेशानी हो रही है तो उसे तुरंत दूर करवाएं। उन्होंने स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को तुरंत पूरा करवाएं। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ डॉ० सुशील कुमार, जिला परिषद की डिप्टी सीईओ ललिता, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, पंचायत विकास विभाग से एक्सईएन अश्वनी, एक्सईएन कुलबीर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रर्दशन में सांखला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

**जालौर:** डॉ.के.एल.परमार : कार्यकारी प्रधान सम्पादक / साबिर सागर : जालौर जिला ब्यूरो : उजाला आज तक : दिल्ली में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नीट को रद्द करवाने ओर देश के 24 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के खिलाफ देश की मोदी सरकार की आंखे खोलने के लिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संसद घेराव करने हेतु जंतर मंतर से कूच किया। देश में हो रहे लगातार पेपर लीक के खिलाफ युवा कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री निवास बीवी के नेतृत्व में देश के हजारों युवाओं ने संसद घेराव हेतु जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे।

# विधायक सुरेंद्र पंवार मुकुल को किया सम्मानित

**विधायक सुरेंद्र पंवार मुकुल के घर पहुंचकर उसके माता-पिता व समस्त परिवारजनों को शुभकामनाएं दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: विधायक सुरेंद्र पंवार** ने एचसीएस परीक्षा में 32वां स्थान प्राप्त करने वाले मुकुल दहिया को उनके निवास स्थान नजदीक जिंदल ग्लोबल सिटी पहुंचकर सम्मानित किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मुकुल दहिया के उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक सुरेंद्र पंवार मुकुल के घर पहुंचकर उसके माता-पिता व समस्त परिवारजनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुकुल ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर सोनीपत का हरियाणा में नाम रोशन किया है। मुकुल की सफलता से न जाने



कितने युवा प्रेरित होकर अपने जीवन को सफल बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत ही सफलता की असली कुंजी है। जब तक विद्यार्थी ईमानदारी के साथ निरंतर मेहनत नहीं करेगा तब तक वह सफल नहीं होगा। जीवन में कई बार कठिनाइया आती रहती है, लेकिन कभी भी रूकना नहीं चाहिए। समस्याओं से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि मुकुल दहिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय से एल एल बी की पढ़ाई पूरी की है। शुरूआती दौर से ही बड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई की, जिसके परिणामस्वरूप उसे सफलता मिली है। इस दौरान पार्षद नीतू दहिया, राजेश दहिया, वीरेंद्र दहिया, मनीषा, राजेश, प्रवीण, नरेंद्र दहिया,सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### गुमशुदा बच्चे की तलाश कर किया परिजनों के हवाले



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बीती रात करीब** 11 बजे थाना सिविल लाईन में महिला आश्रम करनाल में रहने वाली एक महिला मंजू ने शिकायत दी कि उसका 6 वर्षीय बेटा अनमोल जो आश्रम से कर्ण पार्क में खेलने के लिए गया था, अभी तक वापिस नहीं आया है। शिकायत मिलते ही प्रबंधक थाना सिविल लाईन निरीक्षक विष्णु मितर द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया व सहायक उप निरीक्षक गौरव को मामले की जांच सौंपी गई। अनुसंधान अधिकारी द्वारा मामले में तत्परता दिखाते हुए बच्चे की तलाश शुरू की गई। उन्होंने जैसे ही शहर के अनाथालय में अनमोल के लिए संपर्क साधा तो उन्हें पता चला कि कल रात से एक बच्चा आश्रम में आया हुआ है और वे तुरंत अनाथ आश्रम पहुंचे और उसकी फोटो से उसकी पहचान की। बच्चे के मिलते ही प्रबंधक थाना द्वारा उसकी माता को सूचना दी गई व सूचना मिलते ही उसकी मां ने थाना में आकर अपना बच्चा प्राप्त किया व पुलिस के अथक प्रयासों के लिए प्रबंधक थाना का धन्यवाद किया।

# नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यालय का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज नवनियुक्त** पुलिस अधीक्षक मोहित हाण्डा द्वारा अपने कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों को कार्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया व कार्यालय के सभी शाखा प्रभारीयों को उनके कार्य के अनुसार दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने कार्य को गति देने के लिए सभी अपनी कार्यशैली ऐसे ढंग से तैयार करें कि आपका कार्य निर्धारित



समयावधि में पूरा हो सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिला पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं जैसे प्रवाचक शाखा, स्थापना शाखा, लेखा शाखा, सेना शाखा, शिकायत शाखा, आईटी सेल, सीसीटीएनएस शाखा, साईबर सेल, सुरक्षा शाखा, मित्रकक्ष, जनसूचना शाखा, भलाई शाखा और पुलिस कंट्रोल रूम करनाल सहित सभी शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा शाखाओं में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ले समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जो भी कमियां सामने आई उनके बारे में संबंधित को आवश्यक ओदश व निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त शाखा प्रभारियों को रिकार्ड का सही ढंग से रखरखाव करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय में शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकताओं के साथ उचित व्यवहार हेतू पुलिस कर्मचारियों को निर्देशित किया व कार्यालय में साफ. सफाई व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नायब सिंह सहित समस्त शाखा प्रभारी उनके साथ मौजूद रहे।

# अज्ञात लोगों ने बोला व्यक्ति पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। दिल्ली-चंडीगढ़** नैशनल हाईवे पर गांव शामगढ़ के पास देर शाम एक व्यक्ति पर अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला बोल दिया। इस हमले में उसे काफी चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक करनाल जिले के नीलोखेड़ी हलके के गांव पूजम निवासी राजिंद्र कुमार मोटरसाईकिल पर अपने गांव की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह गांव शामगढ़ के पास पहुंचे तो वहां पर पहले से ही खड़े अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका और मारपीट शुरू कर दी। करीब चार से पांच अज्ञात युवक पूजम गांव निवासी राजिंद्र के साथ मारपीट करते रहे और उसके बेटे रोहित के बारे में




पूछताछ की व मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसे काफी गंभीर चोटें आई हैं। काफी देर बाद हाइवे पर वाहन चालकों को आता देखकर अज्ञात युवक मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उसे एक निजी अस्पताल में उपचार दिलाया गया। शिकायतकत्र्ता राजिंद्र कुमार ने बताया कि पहले उनके बेटे रोहित पर हमला हुआ था। उसे भी अज्ञात युवकों ने जान से मारने की धमकी दी हुई है, लेकिन अब उस पर भी हमला बोलकर जान से मारने की धमकी दी गई है।

# संगीत से दूर होता है डिप्रेशन: कैलाश चंद गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जाने माने समाजसेवी** तथा महाबीर दल अस्पताल प्रबंधन समिति के प्रधान तथा ओपीएस ग्रुप के सीएमडी कैलाश चंद गुप्ता ने कहा है कि संगीत से जीवन में तनाव दूर होता हैं। संगीत के माध्यम से डिप्रेशन से दूर निकल सकते हैं। संगीत के स्वर भगवान का वरदान है। वह मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब द्वारा मंगलसैन सभागार परिसर में मिराज होटल में आयोजित संगीत संध्या में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।गीतों भरी शाम का संयोजन जानी मानी गायिका मनिंदर बब्बू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राइस मिन एसोसिएशन तरावड़ी के सचिव राकेश हंस ने की। अतिथियों ने




कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा गाए गीतों गीतों से मुख्य अतिथ कैलाश चंद गुप्ता इतने प्रभावित हुए कि वह अपने आपको गाने से नहीं राक पाए। उन्होंने पल पल दिल के पास तुम रहती हो गीत गाकर अपनी भावनाएं अपनी पत्नी को समर्पित की। कार्यक्रम का आगज मनिंदर बब्बू और दिलशाद ने अपनी मधुर आवाज में आशाओं के सावन में गीत गाकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विनोद मंगला ने तौबा ये मतवाली चाल गाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में विजय शर्मा ने ओ मेरी शमीर्ली आओ ना, अरुण राजपाल ने अभी तो हाथ में जाम हैं, विनय छाबड़ा ने ये दुनिया उसी की, गीता छाबड़ा ने किस लिए मैंने प्यार किया है, राकेश बंसल ने तेरी प्यारी प्यारी सूरत को किसी की नजर ना लगे, अवतार सिंह तारी ने हाल क्या है दिलों का, सुनीता बंसल ने आज फिर जीने की तमन्ना है, अनिल भगत ने सिमटी सर सरमाई सी, राकेश तलबार ने छुने वाले सामने आए, प्रदीप शर्मा ने ना मुंह छिपा के जीओ, कंवल कुमार नें आया रे खिलौने वाला आया रे, हरीश वधावन ने ये रेशमी जुलफे, सुनील राणा ने कितने भी तू कर ले सितम, अनुपमा त्रिहान ने बाहों में चले आओ, जितेंद्र भारती और मनिंदर बब्बू ने युगल गीत दिल तो दिल है, गाकर कार्यक्रम में समां बांधा। नेहा शर्मा ने मेरे नसीब में, शिखा दत्त ने ये नयन डरे डरे, नरेश दत्त ने ना तुम हमें जानो, आरपी अत्रेजा ने मेरे सपनों की रानी, इंद्र प्रभा सचदेवा ने यारी है ईमान मेरा, अमरजीत बठला ने छलकाए जाम गीत गाया। इस अवसर पर प्रदीप त्यागी, अनीता गुप्ता, योगिंदर सिसोदिया ने जितेंद्र वाली, अंजली शर्मा, पूनम चौधरी, नरेश मदान, अरुण थापर, रश्मि थापर ने दिलकश अंदाज में गीत गाए।

# हरियाणा में तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार: धर्मेंद्र प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।**

**हरियाणा भाजपा के** चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि भारत की प्रगति में हरियाणा का अपना अहम योगदान है। अक्टूबर में हरियाणा विधानसभा के चुनाव होने हैं और जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। प्रधान ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस रोड़े अटकाने वाली पार्टी है। कांग्रेस के पास देश और प्रदेश की जनता के हित का कोई एजेंडा नहीं है। कांग्रेस कुंठित हो चुकी है, इसलिए कांग्रेस नकारात्मक राजनीति करती है और दुविधा में फंसी हुई है। धर्मेंद्र प्रधान शनिवार को पंचकूला स्थित ताउ देवीलाल स्टेडियम में विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की पहले सत्र की बैठक के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसमें केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सहयोग करने पर हरियाणा की जनता का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाएंगे। सर्व समाज को विश्वास में लेते हुए जनता का विश्वास जीतेंगे और लोगों के सहयोग से हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएंगे। प्रधान ने कहा कि हमारे प्रतिद्वंदी के पास कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। कांग्रेस सिर्फ भ्रम, झूठ और शंका पैदा करने वाला समूह है। लोकसभा चुनाव में उनकी पराजय हुई है और एनडीए की वापसी हुई है। पिछले दो दिनों से लोकसभा और राज्यसभा में कांग्रेस ने सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने की बजाए रोड़े अटकाने वाली राजनीतिक शक्ति बनने का मन बनाया हुआ है।

धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में कहा कि मोदी हरियाणा के विधानसभा स्तर तक के कार्यकताओं को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। यही कारण है कि 2014, 2019 और 2024 तीनों लोकसभा चुनाव में हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को आशीर्वाद दिया जिससे दिल्ली में उत्तरदायी सेवा की व्यवस्था बनी। पिछले दो विधानसभा चुनावों में भी हरियाणा की जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है और तीसरी बार भी हरियाणा के लोगों का भरोसा और विश्वास भाजपा के साथ है और निश्चित रूप से भाजपा की सत्ता में वापसी होगी। प्रधान ने कहा कि राजनीति जीवंत होती है, राजनीति प्रसंग आधारित होती है, राजनीति सूझ-बूझ की होती है और संगठन की रणनीति और मेहनत की होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। पिछले 10 सालों में हरियाणा में जनता की सेवा की है। आज हरियाणा ने भी कई पैमाने पर देश में अपनी विश्वसनीयता बनाई है। प्रधान ने कहा कि हरियाणा सिर्फ एक प्रदेश नहीं, बल्कि हरियाणा भारत के अंदर सकारात्मकता लाने वाला एक मिजाज है। भारत की आर्थिक उन्नति में हरियाणा का अपना स्थान है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का आह्वान किया है और 5 ट्रिलियन इकोनॉमी की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच के हिसाब से हरियाणा सबसे उपर है और पीएम मोदी के विजन को लीड करेगा। देश को एक नई उंचाई तक जाने के लिए हरियाणा के नेतृत्व की भी आवश्यकता है। हरियाणा की जनता ने पिछले 20 सालों में 10-10 साल की कांग्रेस और भाजपा की सरकार को आंका है। 2004 से 2014 तक कांग्रेस और 2014 से 2024 तक भाजपा को देखा और परखा है।

# बारिश के मौसम में बीमारियों की रोकथाम के पुख्ता प्रबंध करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एसडीएम राजेश** सोनी ने स्वास्थ्य एवं अन्य सबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बारिश के मौसम में पनपने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के उचित प्रबंध समय रहते पूरे होने चाहिए। उन्होंने कहा मौसम विभाग के अनुसार राज्य में जुलाई में मानसून आने की संभावना है। इसे देखते हुए मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि मौसमी बीमारियों से बचाव,



अतिवृष्टि की स्थिति में जलभराव, चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक मरम्मत कार्यों सहित आवश्यक व्यवस्था समय पर की जाएं। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्षों का सुचारू संचालन हो। त्वरित प्रतिक्रिया दल अलर्ट पर रहें। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल रखा जाए।


## न्यूज फ्लैश

### कबीर जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में खरखौदा पहुँचे राज्यसभा सांसद रामचन्द्र



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
शनिवार को खरखौदा के मटिण्डू चौक बाईपास पर कबीर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने शिरकत की और संत कबीर की प्रतिमा का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने निर्माण कार्य के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने कहा की संत कबीर का जीवन और उनके उपदेश हमें सदैव समाज में सद्भावना और एकता का संदेश देते हैं। उनकी प्रतिमा से यहां के लोगों को प्रेरणा मिलेगी और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया जाएगा। प्रतिमा के अनावरण के बाद संत कबीर के जीवन और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक संदेशों पर चर्चा की गई। सांसद जांगड़ा ने इस अवसर पर कहा कि संत कबीर की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को एक दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर की शिक्षाओं का अनुसरण करने और समाज में एकता और भाईचारा बढ़ाने का संकल्प लेना चाइये।

### सतीश गुप्ता हुए सेवानिवृत



**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद**
**नांगल चौधरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुरा में लगातार 36 वर्षों से सेवारत रहे नांगल चौधरी निवासी सतीश गुप्ता आज सेवानिवृत हो गए। गुप्ता का शिक्षा विभाग में करियर बेदाग रहा।उनकी सेवानिवृत्ति पर भाजपा नेता महेंद्र गुर्जर ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कहा, सतीश गुप्ता निजी जिंदगी में सादगी की प्रति- मूर्ति रहे हैं। मुख्य अध्यापक के पद पर कार्यरत सतीश गुप्ता ने अपने कर्तव्य के प्रति कभी लापरवाही नहीं बरती। जयसिंहपुरा निवासी घड़सी मान ने बताया हेड मास्टर जी गांव को अपने परिवार की तरह मानते थे। स्कूली बच्चों से उन्हें विशेष लगाव रहा। इस अवसर पर सतीश गुप्ता के बड़े भाई गजानंद मंगला, लालचंद गुर्जर, गोपीराम, पवन मंगला व पड़ोसी डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए।

### हर गांव हर वार्ड में कलाकारों के माध्यम से पहुंचेंगी सरकार की योजनाएं: धर्मेंद्र शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से 1 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान कुरुक्षेत्र जिला के सभी गांवों और शहरों के वार्डो को कवर किया जाएगा। इस जिले में विभागीय, नियमित और सूचीबद्ध ड्रामा पार्टियां कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों को नागरिकों के समक्ष रखा जाएगा।
जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ के निदेर्शानुसार हरियाणा प्रदेश में 1 से 31 जुलाई तक विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है।

# सैनिकों की बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**भारत एवं मॉरीशस दोनों देशों के लोगों को सांस्कृतिक और भाषा के स्तर पर जोड़े रखने की जीवनपर्यंत कोशिशें की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** खडगा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने अंबाला, अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर से होते हुए कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास के लिए डी5 मोटरसाइकिल रैली के 16 सवारों की एक टीम को आज सुबह अंबाला छावनी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
यह टीम, जिसका एक दिन पहले 28 जून, 2024 को अंबाला छावनी में मेजर जनरल अनूप सिंघल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, डीप स्ट्राइकर्स डिवीजन द्वारा स्वागत किया गया था, अब अमृतसर (पंजाब) की ओर जाएगा।
1999 के कारगिल युद्ध में कारगिल विजय दिवस - पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जीत की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में, भारतीय सेना की डी5 (दिनजन, धनुषकोडी, द्वारका, दिल्ली और द्रास) मोटरसाइकिल रैली को इस से पूर्व 12 जून, 2024 को देश के तीन कोनों - द्वारका (पश्चिम), धनुषकोडी (दक्षिण) और दिनजन (पूर्व) से हरी झंडी दिखाई गई थी। कारगिल युद्ध नायकों की अदम्य भावना का प्रदर्शन करते हुए कुल 32 सवारों वाली तीन टीमें, देश के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से गुज?ने के बाद दिल्ली में एकत्र हुईं और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे द्वारा उन्हें 27 जून, 2024 को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, दिल्ली में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
दिल्ली से आगे ये राइडर्स दो टीमों में 16-16 राइडर्स के साथ दो अलग-अलग मार्गों से यात्रा कर रहे हैं। एक जोजिला, सरचू, न्योमा एक्सिस के मार्ग से और दूसरा अंबाला, अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर मार्ग से होते हुए 08 जुलाई, 2024 को द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचेंगे।
प्रत्येक पड़ाव पर, टीमें स्मारक कार्यक्रमों में सद्भाव और देशभक्ति की भावना के प्रसार के लिए वीर नारियों, दिग्गजों, सम्मानित सैनिकों और स्थानीय समुदाय के साथ संवाद भी करेंगी।

**रवाना**
मोटरसाइकिल रैली के 16 सवारों की एक टीम को आज सुबह अंबाला छावनी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

### डाटा पोर्टल पर अपलोड न होने से पेंशनर परेशान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** एक्स पुलिस ऑफिसर्ज/सोशल वेलफेयर एसोसिएशन अम्बाला की एक बैठक पुलिस लाईन कार्यालय, अम्बाला शहर में हुई। जिसमें फूल कुमार, पुलिस अधीक्षक (सेवानिवृत), वीरेन्द्र कुमार उप पुलिस अधीक्षक सेवानिवृत, ओमप्रकाश, विनोद कुमार, गोपाल कृष्ण, रामकुमार, तरसेम पाल, बलविन्द्र सिंह (सभी सेवानिवृत निरीक्षक), अशोक कुमार, देशराज, जगदीश लाल, ओम प्रकाश आदि ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में आपसी विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि कैशलेस मेडिकल सुविधा जो सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए दी गई है वह पोर्टल पर अपलोड नहीं हुई है। जिस कारण पेंशनरों को यह सुविधा नहीं मिल पा रही है। एसोसिएशन द्वारा सरकार से इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने बारे कहा गया है। बैठक में यह भी मांग की गई कि पंजाब व हिमाचल की तरह हरियाणा में भी पेंशन भोगियों को 65,70,75,80, वर्ष की आयु पूर्ण होने पर क्रमशः 5 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। जबकि वर्तमान में यह पेंशन वृद्धि सरकार द्वारा 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर एकमुश्त की जाती है जोकि उम्र की दृष्टि से वर्तमान में व्यवहारिक नहीं रह गई है।

### धारा 144 के तहत आदेश जारी

**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिलाधीश वीरेन्द्र कुमार दहिया ने 30 जून रविवार को पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत उनकी सुरक्षा के मद्द्देनजर दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार पानीपत जिला में जहां-जहां मुख्यमंत्री का आगमन रहेगा उसके एक हजार मीटर के दायरे के अन्दर 30 जनू को अस्थाई तौर पर रैड जोन घोषित किया गया है। आदेश के तहत किसी भी प्रकार के मानव रहित उडने वाले वाहन (ड्रोन इत्यादि) उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेशों की अवहेलना में यदि कोई पुरुष या महिला दोषी पाया जाता हैम।

## हल्का ग्रामीण चुनावी तैयारी, जनसंवाद कार्यक्रम होगा

**वार्ड और ग्राम अध्यक्ष ग्राम सचिव और 20 मेंबर कमेटी द्वारा बूथ संचालक की तैयारी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
आम आदमी पार्टी हल्का पानीपत ग्रामीण के ब्लॉक वार्ड ग्राम अध्यक्ष सचिव के लेवल की एक मीटिंग की गई जो की हल्का ग्रामीण कार्यालय सनोली रोड पर सुखबीर सिंह मलिक के नेतृत्व में की गई जिसमें आगामी चुनाव को देखते हुए डॉक्टर संदीप पाठक के आदेश अनुसार हर गांव में 29 जून से 12 जुलाई तक 15 दिनों के लिए एक जन संवाद कार्यक्रम किया जाएगा।
जिसको ग्राम वार्ड ब्लॉक लेवल के अध्यक्ष और सचिव 20 मेंबर कमेटी द्वारा किया जाएगा।
इस कार्यक्रम तहत हर गांव में ग्राम अध्यक्ष सचिव द्वारा गांव में मनदी कराकर 1 दिन तय किया जाएगा जिसमें आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और गांव की जनता के बीच में एक जन संवाद कार्यक्रम कराया जाएगा। पिछले 9-10 सालों में आने वाली समस्याओं को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सुना जाएगा। इन समस्याओं को केंद्रीय पटल पर रखा जाएगा।
और अपने मेनिफेस्टो में जगह दी जाएगी। आज की मीटिंग में मौजूद रहने वाले सदस्य सुखबीर मलिक, राजकुमार मुंडे ,कर्मवीर जाटल,सुरेंद्र मांडी, होशियार सिंह निमबरिया ,बाबूराम गोयल ,मनीष दुबे ,संजीव गोयल,अमित नौरा ,राजेंद्र राठी ,कृष्णमलिक ,शीशपाल मलिक ,राजवीर किसान नेता मनमोहन,चमन बाबू ,एडवोकेट विकास, सोनू कुमार ,प्रवेश यादव अनवर ,सागर सभी साथियों ने एकजुट होकर जन संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रण लिया।

**जन संवाद**
हर गांव में 29 जून से 12 जुलाई तक 15 दिनों के लिए एक जन संवाद कार्यक्रम किया जाएगा: डॉक्टर संदीप

### पीएम श्री विद्यालयों के 354 स्टाफ सदस्यों ने ली तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र जिले के 12 पीएम श्री स्कूलों( देविदासपुरा, लाडवा, शाहबाद, उमरी, झांसा, खरीण्डवा, बारना, मंगोली जाटान, दूधला मोरथला, धुराला, धुलगढ गुल्रडेहरा, बनी )के 311 व दूसरे जिलों के 43 स्टाफ सदस्यों ने ली नई शिक्षा नीति की गहनता से जानकारी। जिला परियोजना संयोजक श्रीमती संतोष शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर जिले के पांच खंडो ( थानेसर, लाडवा,पेहवा, बबैन और शाहाबाद में अलग-अलग जगह पर लगाया गया। जिसकी नोडल ऑफिसर पीएम श्री स्कूलों के प्रधानाचार्य को ही बनाया गया वर्कशॉप वर्चुअल मीटिंग द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का समय प्रातः 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक रहा। आपको बता दे कि पीएम श्री विद्यालय केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की बेहतरीन योजना है जो अपने सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मुहैया करवाएगी।

## पौने 9 एकड़ भूमि गुरुद्वारा साहिब के नाम करना सीएम नायब सिंह सैनी का सराहनीय कदम



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि जिला सिरसा में सुशोभित पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के चरण छोह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा चिल्ला साहिब की भूमि गुरुद्वारा साहिब के नाम कर हरियाणा सरकार ने बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है। कैबिनेट की बैठक में सीएम नायब सिंह सैनी ने यह कार्य करके गुरु साहिबान के प्रति अपनी श्रद्धा का नमूना पेश किया है। उन्होंने सिखों के प्रति अपनी साफ नियत का प्रमाण देते हुए ७० कनाल ९ मरले भूमि को गुरुद्वारा साहिब के नाम की है। उन्होंने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने इस अस्थान पर संगत को श्री अकाल पुरुख साहिब से जोड़ा और सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया था। जत्थेदार असंध ने कहा कि इससे पहले भी भाजपा सरकार सिखों के लिए अनेक कार्य कर चुकी है। सन 1948 में हुए सिख नरसंहार के दोषियों को कांग्रेस ने हमेशा पनाह दी, लेकिन भाजपा सरकार ने इस जघन्य अपराध के दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें सजा दिलाई। भाजपा ने एसआईटी गठित करके सिख विरोधी दंगों में शामिल लोगों पर कार्रवाई कर उन्हें आजीवन कारावास की सजा दिलाई। भाजपा ने गुरुद्वारा साहिबान के लंगर एवं अन्य वस्तुओं पर लगने वाला जीएसटी माफ किया, जबकि करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण भी करवा कर भारतीय जनता पार्टी ने सिखों को अनमोल उपहार भी दिया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि जिस अस्थान पर उपरोकत गुरुद्वारा साहिब का निर्माण हुआ है, वह भूमि गुरुद्वारा साहिब के नाम नहीं थी।

**आभार**
गुरु घर के नाम भूमि करने का प्रस्ताव पारित कर सीएम ने दिया अपनी आस्था का प्रमाण: अजराना

## सनातन मंच सेवा सभा द्वारा शहर में लगाए जाएंगे 500 वृक्ष



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सनातन मंच सेवा सभा द्वारा अम्बाला शहर के कालका चौक से मंजी साहिब गुरूद्वारे तक 500 वृक्ष लगाने का शुभारम्भ मेयर शक्ति रानी शर्मा के हाथों से किया गया। इसके अंतर्गत अम्बाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने अपने हाथों से कालका चौक पर 20 वृक्ष लगाए। इसके अंतर्गत प्रतिदिन 20 पेड़ लगाए जायेंगे। सनातन मंच सेवा सभा के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर इस मुहिम में भाग लिया। सनातन मंच सेवा सभा के प्रधान महेश दत्त वशिष्ठ ने बताया की मेयर शक्ति रानी के सानिध्य व गाइडलाइन में काम करके बहुत अच्छा लग रहा है। सनातन मंच सेवा सभा परिवार मिल कर काम करने में विश्वास रखता है. उन्होंने बताया कालका चौक से मंजी साहिब गुरूद्वारे तक 500 वृक्ष सनातन मंच सेवा सभा द्वारा लगाए जा रहें हैं।

### झांसे में लेकर खाते में डलवा लिए 3.98 लाख रुपये

**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिलाधीश वीरेन्द्र कुमार दहिया ने 30 जून को पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत कानून एवं शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए विभिन्न अधिकारियों के बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट आदेश जारी किए हैं। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में कार्यकारी अभियंता सवित पन्नु, एनएफएल स्थित कालंदी गैस्ट हाऊस में तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार, क्रू मैम्बर के साथ नायब तहसीलदार मडलौडा अनील कुमार, कारकेड के साथ नायब तहसीलदार इसराना, सौरव शर्मा और एनएफएल हैलीपेड पर नायब तहसीलदार पानीपत अस्तीत्व पारशर ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे।

## बीजेपी सरकार ने बच्चों का फर्जी दाखिला दिखाया: राकेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन** आम आदमी पार्टी पानीपत के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने शिक्षा घोटाले में सीबीआई एफआईआर पर हरियाणा की बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार सिर से लेकर पैर तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। जब से बीजेपी हरियाणा में शासन में आई है उसी दिन से इन्होंने भ्रष्टाचार और लूट शुरू कर दिया। अब इसके सुबूत भी सामने आ गए हैं। सीबीआई ने तीन एफआईआर दर्ज की हैं, जब 2014 में बीजेपी सरकार बनी तो तब से लेकर 2016 तक दो साल में सरकारी स्कूलों में 4 लाख बच्चों का फर्जी दाखिला दिखाया गया। इन बच्चों के नाम पर वजीफे, मिड डे मील और वर्दी के पैसे सारा खर्चा सरकारी खातों से निकलते रहे। यहां तक कि इन बच्चों के नाम पर सरकारी टीचर्स हायर किए गए और उनकी तनख्वा को भी डकार गए, करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया।
उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सरकार बनने के बाद सबसे पहला भ्रष्टाचार बच्चों की शिक्षा में किया और हमारी नींव खोखली करने के लिए किया। बीजेपी बच्चों की शिक्षा को किस तरीके से बर्बाद कर रही है और कैसे सरकारी स्कूल बंद कर रही है ये सब हमने देखा। लेकिन अब ये सच भी सामने आ गया कि इन बच्चों के नाम पर करोड़ों अरबों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने कहा मैं पूछना चाहता हूं कि सीबीआई ने तीन तीन एफआईआर दर्ज की उसके बावजूद बीजेपी के नेताओं को, उस समय के शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को बचा लिया। एफआईआर में उनका नाम नहीं डाला, उनसे पूछताछ नहीं गई, उन पर रेड नहीं की गई और उनकी जांच एनएचआई की गई कि इस करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार में उनका कितना हाथ था। उन्होंने कहा ये सोचने की बात है कि पूरे हरियाणा में स्कूलों में फर्जी दाखिले दिखाए गए। क्या किसी एक इलाके का व्यक्ति या नेता ऐसा कर सकता है? इसके लिए राज्य सरकार का हाथ सिर पर होना जरूरी है। इसके लिए पूर्व शिक्षा मंत्री जो 2014 से 2016 तक शिक्षा मंत्री थे, यदि पूरी तरह से जांच की जाए तो उनका हाथ इस घोटाले में मिलेगा। इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ये एफआईआर दर्ज करनी पड़ी है। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एसबीआई तीन महीने में जांच करके रिपोर्ट फाइल करे, लेकिन सीबीआई ने पांच साल लगा दिए। क्योंकि इसमें कहीं ना कहीं बीजेपी के नेता शामिल हैं और इसमें बीजेपी के मंत्री या मुख्यमंत्री का नाम आ रहा होगा।

## सफलता मिली: 300 ग्राम चरस सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सनौली यमुना पुल के पास नाकाबंदी कर एक नशा तस्कर को 300 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के सनौली अड्डा पर मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली कि गोला खुर्द गांव निवासी अजीत मादक पदार्थ लेकर यमुना पुल की और से पानीपत की तरफ आएगा।
सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने यमुना पुल के पास नजदीक कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात यमुना पुल की और से संदिग्ध किस्म का एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अजीत पुत्र रणधीर निवासी गोला खुर्द के रूप में बताई।
पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ संजीव कुमार की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से चरस बरामद हुई। बरामद चरस का वजन करने पर 300 ग्राम पाया गया। सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से पैसे कमाने की चाहत में आरोपी ने कुछ दिन पहले उत्तराखंड के उत्तरकाशी से एक युवक से 400 ग्राम चरस कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। जिसमें से कुछ चरस का उसने सेवन कर लिया व कुछ बेच दी। बची 300 ग्राम चरस को बेचने के लिए आरोपी शुक्रवार को ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि बरामद चरस को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए पुलिस ने शनिवार को आरोपी अजीत को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

**काबू**
पुलिस ने अजीत को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया

## सैक्टर -14 वेलफेयर एसोसिएशन ने आरम्भ किया पौधारोपण अभियान

**पौधारोपण**
एसोसिएशन ने पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत अग्रसैन भवन के पीछे वाले पार्क में 51 पौधे लगाकर की




**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सैक्टर -14** वेलफेयर एसोसिएशन ने सुबह पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत अग्रसैन भवन के पीछे वाले पार्क में 51 पौधे लगाकर की। पौधारोपण में प्रधान एवं निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, महासचिव विकास परूथी ने बताया की एक माह में 5100 पौधे सैक्टर -14 व वार्ड-3 में लगाये जायेंगे ताकि वातावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। पौधारोपण के उपरांत प्रधान मदान ने सकंलप कराया कि इन पौधों के पालन का कार्य वेलफेयर एसोसिएशन करेगी। कार्यक्रम में महेंद्र जैन, ओमप्रकाश मुन्जाल, रवीन्द्र कुकरेजा, टीकाराम मित्तल, कृष्ण जीत, अमन डुडेजा व जय प्रवेश आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जीवन में भूमिका बदलती है सेवा करने का अवसर नहीं : डॉ. आरसी मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जीवन में** भूमिका बदलती रहती है, लेकिन सेवा करने का अवसर हमेशा बना रहता है। यह बात डीजीपी डॉ. आरसी मिश्रा ने हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में आयोजित विदाई सम्मान परेड समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। डॉ. आरसी मिश्रा 35 वर्ष के सफल सेवाकाल के बाद 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने विदाई सम्मान परेड का निरीक्षण किया व सलामी ली। मुख्य अतिथि को परंपरा का निर्वाह करते हुए फूलों से सुसज्जित खुली जिप्सी में पुष्पवर्षा करते हुए सम्मानपूर्वक मधुबन से प्रस्थान कराया गया।



डॉ. आरसी मिश्रा ने कहा कि किसी भी काम को टीम भावना के साथ करने से सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस विश्व के श्रेष्ठ पुलिस बलों में से एक है। हरियाणा पुलिस कमाण्डों के साथ चतुरंगिणी सेना से परिपूर्ण है। हरियाणा पुलिस के जवानों और अधिकारियों में जो साहस, काम करने की कर्मठता तथा शिष्टाचार है, वह अन्यत्र कम देखने को मिलता है। हरियाणा पुलिस हर क्षेत्र में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पुलिस थानों व चौंकियों में सीसीटीवी लगाने में भी हरियाणा पुलिस देश में अग्रणी हो गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस के जवान, अधिकारी इसी कर्मठता के साथ कार्य को आगे बढ़ाते रहें और खुद को अग्रणी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि ईश्वर के बाद पुलिस को न्याय दिलाने वाला माना जाता है। इसलिए अपने योगदान पर गर्व करें और समर्पण भाव के साथ सेवा करते रहें। उन्होंने कहा कि पुलिस सदस्य कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह प्रत्यक्ष सेवा कार्य से अप्रत्यक्ष सेवा कार्य में स्थानांतरित हो जाता है। उन्होंने विदाई सम्मान परेड के लिए पुलिस मुख्यालय, डॉ. सीएस राव, उनकी टीम व परेड में शामिल जवानों को बधाई दी और हरियाणा पुलिस की उन्नति के लिए शुभकामनाएं दीं। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ. सीएस राव ने डॉ. आरसी मिश्रा व उनकी पत्नी डॉ. अर्चना मिश्रा के साथ आए अन्य अतिथियों का स्वागत किया और डॉ. मिश्रा के सेवाकाल की उपलब्धियां बताईं। साथ ही डॉ. आरसी मिश्रा को स्मृत्ति चिन्ह भेंट किया। हरियाणा पुलिस अकादमी की पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राजश्री सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय सीनियर वुमन रग्बी कोचिंग कैंप का आज होगा समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय के परिसर में राष्ट्रीय सीनियर वुमन रग्बी कोचिंग कैंप चल रहा है। शारीरिक शिक्षा प्राध्यापिका एवं कैंप कॉर्डिनेटर बबीता शर्मा ने बताया कि इस कोचिंग कैंप का 30 जून को समापन होगा। कैंप में राज्य के विभिन्न जिलों से 27 छात्रा खिलाड़ियों ने भाग लिया है तथा इन्हें अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज डागर ने देश प्रदेश के विख्यात खेल प्रशिक्षकों के साथ पिछले सप्ताह से निरंतर प्रशिक्षित किया है। प्राध्यापिका बबीता शर्मा ने बताया कि कैंप में सातवें दिन रग्बी एसोसिएशन कुरुक्षेत्र प्रधान राधेश्याम, सचिव भगवानदास और सतबीर कौशिक ने पहुंच कर खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट वितरित की। प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने इतनी भीषण गर्मी में छात्राओं की मेहनत को देखते हुए कहा कि कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। श्री जयराम शिक्षण संस्थान के निदेशक एस.एन. गुप्ता ने छात्रा खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जयराम सैनिक स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर सुरेश कुमार तथा पी.टी.आई. श्री राम निवास भी मौजूद रहे।



## न्यूज फ्लैश

### क्रिकेट की गिल्लियों से हमला कर बाइक व मोबाइल फोन लूटा

**गन्नौर। गढ़ी झंझारा व** बीएसटी के निकट रेलवे लाइनों के नीचे बनी पुलिया से निकलने के दौरान कुछ युवकों ने बाइक चालक पर क्रिकेट की गिल्लियों से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद युवक उसकी बाइक व मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। बाइक चालक ने मामले की शिकायत गन्नौर जीआरपी चौकी में दी। शिकायत में गढ़ी झंझारा गांव के चांद ने बताया कि वह बादशाही रोड स्थित सिंगर वेयर हाउस में नौकरी करता है। 28 जून की रात वह कंपनी से अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। जब वह रेलवे लाइनों के नीचे बनी पुलिया से निकलने लगा तो वहां 4-5 लड़के हाथों में क्रिकेट की गिल्लियां ले कर खड़े थे। उनमें से दो लड़कों ने उसके सिर व कमर पर गिल्ली से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद आरोपित उसकी बाइक व मोबाइल छीन कर फरार हो गए। शिकायत पर जीआरपी चौकी पुलिस ने शिकायत पर 4-5 अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। जल्द उनका पता लगा कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लड़की लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल की एक** कॉलोनी से 10वीं की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। छात्रा एक निजी स्कूल में पढ़ती है और प्रैक्टिकल के नाम पर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने मामले की शिकायत सिटी थाना पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता मां ने बताया है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 25 जून को घर से निकली थी। उसने बताया था कि वह प्रैक्टिकल के लिए जा रही है। शाम तक भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने तलाश शुरू की। सबसे पहले परिजन स्कूल पहुंचे तो छात्रा वहां नहीं थी इसके बाद उसके दोस्तों के घर भी तलाशी ली गई, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। नाबालिग की मां ने अपनी बेटी को ढूंढने की पूरी कोशिश की, लेकिन नंदिनी का पता नहीं चल सका। उन्होंने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है और गौरव नाम के शख्स पर शक जताया है। सिटी थाने की जांच अधिकारी अंजू ने बताया कि नाबालिग के लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। छात्रा को जल्द ही ढूंढ लिया जाएगा।

### इग्नू ने एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में किया नया पाठ्यक्रम लांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंदिरा गांधी** राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के स्थानीय क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इग्नू ने हाल ही में एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एक नया कार्यक्रम लॉच किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षित कार्यबल का एक पुल विकसित करना है। इसे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों, संबंधित संगठनों और अस्पतालों द्वारा कुशल सहायता प्रदान करने और दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नियोजित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के प्रभावी प्रबंधन में प्रमुख मुद्दों की पहचान और विश्लेषण करना है। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में राष्ट्रीय और वैश्विक सोच और अंतर-सांस्कृतिक समझ को प्रोजेक्ट करना, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक जवाबदेही और नैतिकता प्राप्त करने के लिए बहु-विषयक टीम प्रबंधन के लिए हितधारकों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में नवीनतम तकनीकों को अपनाना, चुनौतियों पर अनुसंधान का उपयोग करके विश्लेषणात्मक और व्यावहारिक दृष्टिकोण के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में नवीन और साक्ष्य आधारित प्रथाओं का विकास करना भी इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं।

# जनरल ईडीपी प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्र गढ/पंजाब नेशनल** बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर की ओर से ग्राम नांगल सिरोही में चल रहे जनरल ईडीपी प्रशिक्षण का आज समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। वरिष्ठ प्रबन्धक सतबीर सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप किसी भी व्यवसाय को एक छोटी इकाई से आरम्भ करके धीरे-धीरे अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा स्कीम प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक एचआर सभरवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को समय का महत्व समझाते हुए समय प्रबन्धन पर जोर दिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी कार्यक्षेत्र में यदि आपका भावनात्मक लगाव है तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि उस क्षेत्र में आपको सफलता की प्राप्ति ना हो। इसलिए जिस भावना से आप यहां प्रशिक्षण लेने के लिए आए हो उसी के अनुरूप आपको प्रशिक्षण लेना चाहिए तथा उसे अपने व्यवसाय के रूप में स्थापित करें। इस कार्य के लिए यदि आपको ऋण की आवश्यकता होगी तो संस्थान की ओर से उपयुक्त सहयोग प्रदान किया जाएगा, बर्शते जिस कार्य के लिए आप ऋण ले रहे हो उस राशि को उसी कार्य में खर्च किया जाए ताकि भविष्य में ऋण चुकता करने के लिए आपको किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए.इस मौके पर संकाय कुलदीप सिंह, अतिथि संकाय किरोस्ता के अलावा गिरधर स्वयं सहायता समूह नांगल सिरोही की प्रधान सपना देवी एवं शिवम स्वयं सहायता समूह नांगल सिरोही की प्रधान कविता देवी मौजूद थी।



# चाकू की नोक पर अटल सेवा केंद्र के संचालक से 55 हजार लूटे

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः वार्ड 10 में** वाल्मिकी मोहल्ला के निकट स्थित अटल सेवा केंद्र के संचालक से बदमाशों ने चाकू की नोक पर रुपये लूट लिए। अटल सेवा केंद्र के संचालक ने मामले की शिकायत डायल 112 पर दी। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद गन्नौर थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद गन्नौर थाना पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुट गई, लेकिन बदामशों के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया। दुकान संचालक अमित हुड्डा ने बताया कि उसकी वार्ड 10 में वाल्मिकी मोहल्ला के निकट हुड्डा कम्यूनिकेशन के नाम से दुकान है जिसमें वह अटल सेवा केंद्र का भी संचालन करता है। शनिवार को वह अपनी दुकान पर बैठा था। दोपहर के समय उसकी दुकान पर तीन युवक आए। उन्होंने आते ही उस चाकू अड़ा दिया और दुकान पर रखी करीब 55 हजार रुपये की कलेक्शन लूट लिए।




# प्रथम मेरिट लिस्ट में आईटीआई राजलू गढ़ी में 98 छात्रों को सीट हुई अलॉट

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः आईटीआई राजलू** गढ़ी में दाखिला के लिए प्रथम मेरिट लिस्ट शुक्रवार को जारी कर दी गई। वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि आईटीआई राजलू गढ़ी में कुल 244 सीटों पर दाखिले होने हैं। जिसमें से प्रथम मेरिट लिस्ट में 98 अभ्यर्थियों को सीट अलाट की गई है। उन्होंने बताया कि दाखिला प्रक्रिया को सुचारू रूप से करने के लिए संस्थान में दो कमेटियों का गठन किया गया है। एक समस्या निवारण व हेल्प डेस्क कमेटी दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों की समस्याओं को तुरंत प्रभाव से दूर कर रही है। उन्होंने बताया कि दूसरे राउंड की मेरिट लिस्ट 4 जुलाई, तीसरे राउंड की मेरिट लिस्ट 14 जुलाई व चौथे राउंड की मेरिट लिस्ट 24 जुलाई को जारी की जाएगी। इंचार्ज अशोक कुमार द्वारा दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी कि जैसे ही उन्हें सीट अलाट होती है। वह अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ व अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ संस्थान में आकर अपना दाखिला करवा लें।




# लाखों रुपये नालों की सफाई पर खर्च, फिर भी शहर जलमग्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर के मुख्य रेलवे** रोड पर नालों की सफाई पर लाखों खर्च होने के बाद भी शनिवार को हुई बरसात से पूरा शहर जलमग्न हो गया। जगह-जगह जलभराव ने अधिकारियों के दावों की पोल खोल कर रख दी। शहर के कई क्षेत्रों में बारिश के साथ सीवरेज ओवरफ्लो हो गए हैं और सड़कें पानी से लबालब हो गई। जिसके कारण रेलवे रोड, नगरपालिका रोड़, बादशाही रोड, ईदगाह रोड, पांची रोड, खेड़ी रोड़, गांधी नगर, खेड़ी रोड के अलावा अशोक नगर, किशनपुरा, केडी नगर, शास्त्री नगर, बसंत विहार, अनुप नगर, सरार्फा मार्केट सहित शहर के अन्य इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तेज बरसात के कारण लोगों ने घर से निकलने से परहेज किया।



**नाले गंदगी से भरे**

नालों की सफाई के ये हालात हैं कि रेलवे रोड पर कई जगह पर नालों में गंदगी भरी हुई है। दुकानदारों द्वारा नाले पर किए गए अवैध कब्जों को तोड़कर सफाई नही की गई। दुकानदारों का कहना कि बरसात के पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था व नालों की सफाई न होने के कारण उनकी दुकानों के आगे इतना पानी खड़ा रहता है कि एक या दो दिन उनकी दुकानदारी प्रभावित रहती है। अब तो हालत पहले से भी बदतर हो गई है। बरसात होने के कुछ घंटे बाद नालों से रेलवे रोड का पानी उतर जाता था, लेकिन शनिवार को सुबह हुई बरसात का पानी पूरा दिन सड़क पर भरा रहा।

**सरकारी भवन भी जलमग्न**

बरसात के कारण सरकारी भवनों के बाहर भी पानी जमा हो गया। पुराना तहसील परिसर, जनस्वास्थ्य विभाग व नगरपालिका कार्यालयों के परिसर भी पूरी तरह जलमग्न हो गया।

# आवारा पशुओं के आतंक से पैदल निकलना भी खतरे से नहीं खाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। लावारिस** पशुओं के आतंक के कारण बाजारों में इन दिनों पैदल निकलना भी मुश्किल है। यहां किस चौराहे पर कब आवारा पशु सामने आ जाएगा कोई नहीं बता सकता। बाजार से लेकर लेकर स्टेट हाईवे तक पर आवारा पशुओं का जमावड़ा है। आवारा गोवंश के कारण दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। महेंद्रगढ़ शहर में कोई भी 100 मीटर का ऐसा रोड आपको नहीं मिलेगा जहां आवारा पशु न हों। हर चौक पर आवारा गोवंश घूमते मिलेंगे। रात के समय सड़कों पर इनकी संख्या अधिक हो जाती है। बाजार से लेकर गलियों तक हर जगह लावारिस गोवंश टहल रहे हैं। छोटी सड़कों से लेकर स्टेट हाईवे 148-बी तक हर जगह गोवंशों का जमावाड़ा हैं। इसके अलावा सब्जी मंडी में तो इनकी सख्या तीन गुणा ज्यादा हैं। आवारा पशुओं से सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं। पशुओं की भीड़ लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। लोगों के दुपहिया वाहनों को निकलने में दिक्कत आ रही है। सब्जी मंडी, मुख्य बाजारों में भी लावारिस गोवंश का जमावड़ा है। हाईवे और शहर की सड़कों पर आए दिन दुपहिया वाहन आवारा पशुओं से टकराकर घायल हो जाते है। आवारा गोवंश की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पिछले साल मौहल्ला तिवाड़ियान में एक बुजुर्ग व्यक्ति को उठाकर पटक दिया था। जिसमें बुजुर्ग की मौत हो गई थी। महेंद्रगढ़ शहर में 500 से अधिक आवारा गोवंश घूम रहे हैं। छोटे बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी आवारा पशुओं से छोटे बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को काफी परेशानी आ रही है। आवारा गोवंश अक्सर आपस में सड़कों पर लड़ते रहते हैं। स्कूली बच्चों को सबसे अधिक खतरा रहता है। आवारा पशु लड़ते हुए कई बार दुकानों के अंदर भी घुस जाते हैं। जिससे दुकानदारों को भी नुकसान होता है। नगरपालिका के पास नहीं है कोई योजना पशुओं के आतंक पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका के पास कोई ठोस योजना नहीं है। इसके अलावा पार्षद भी कोई कदम नहीं उठाते है। शहर के बाजारों में भारी संख्या में आवारा पशु व सांड घूमते देखे जा सकते है। ये पशु दुकानों पर रखे सामान को मुंह से गिराना शुरू कर देते हैं। इसके अलावा परचून विक्रेताओं की दुकानों से भी सामान को मुंह में भरना शुरू कर देते है। यदि कोई दुकानदार इन पशुओं को भगाने का प्रयास करता है, तो उस पर हमला भी बोल देते हैं। व्यापारियों ने बताया कि आए दिन ये पशु आपस में लड़ पड़ते हैं तथा दुकानों के बाहर खड़े वाहनों पर गिर पड़ते हैं। ग्राहकों को भी काफी परेशानी होती है।

# यमुना में बाढ़ से बचाव के लिए पहल शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। यमुना में आने** वाली बाढ़ से बचाव के लिए पहल शुरू हो गई है। एसडीएम राजेश सोनी ने बाढ़ प्रबंधों का जायजा लेने के लिए यमुना नदी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यमुना के घरौंडा सीमा क्षेत्र में आने वाले भाग का सभी सबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए, ताकि बरसात के समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यमुना क्षेत्र मे किसी भी जगह मिट्टी का कटाव दिखाई देता है तो वहां तुरंत स्टड का निर्माण करवाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यमुना के बहाव से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यमुना के बहाव और कटाव को मौके पर ही समझते हुए नई ठोकरों के निर्माण और पुरानी ठोकरों की मरम्मत पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान बाढ़ नियंत्रण कार्यों के लिए उन्होंने गांवों के लोगों से भी बातचीत की।



# कार और डम्पर में टक्कर में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। काछवा बाईपास** पर पश्चिमी यमुना नहर के पास डंपर और स्विफ्ट कार के बीच भीषण टक्कर हुई है। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार युवक अपने पिता के साथ अलेवा गांव से कुरुक्षेत्र जा रहा था। इस हादसे में कार में सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं टक्कर में डंपर भी आगे से मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे के तुरंत बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटना के समय कार कैथल से कुरुक्षेत्र की ओर जा रही थी, जबकि डंफर काछवा की तरफ से आ रहा था।



# चौंकाने वाला खुलासा: बंदूक का लाइसेंस लेने के लिए फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बस स्टैंड** के पास स्थित इमिग्रेशन ऑफिस के बाहर वर्ना कार पर फायरिंग के मामले में एसटीएफ ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस को इस मामले का मास्टरमाइंड ऑफिस मालिक अमनदीप मिला है। विदेश में बैठे दोस्तों ने अमनदीप को प्लान के बारे में बताया, जिसके बाद आरोपी ने गन लाइसेंस बनवाने और विदेश में बसने के लिए यूपी से गुंडे हायर किए और अपनी ही कार पर फायरिंग करवा दी। इस मामले में एसटीएफ ने बीती देर शाम मास्टरमाइंड अमनदीप सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक अवैध पिस्तौल और ६ जिंदा राउंड बरामद किए हैं। इस मामले में दो और आरोपी हैं, जो अभी फरार हैं, जिन्हें पकड? के लिए टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है। आज सभी आरोपियों को टीम द्वारा कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। एसटीएफ टीम प्रभारी दीपेंद्र राणा ने बताया कि इस घटना के बाद टीम ने अपराधियों की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपियों को पकड? के लिए टीम ने तकनीकी और पुलिस खुफिया तंत्र की मदद ली। इसके बाद शुक्रवार शाम को मंगलौरा चेक पोस्ट से शूटर रितिक कुमार उर्फ लाला भाई सैनी निवासी कादरगढ़, मोहम्मद नाजिम निवासी इस्लामपुर और विपुल कुमार निवासी हसनपुर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वारदात में इस्तेमाल बोलेरो गाड़ी, एक पिस्तौल और ६ जिंदा कारतूस बरामद किए। दीपेंद्र ने बताया कि शाम को जब तीनों आरोपियों से पूछताछ की गई तो पता चला कि गोलियां चलाने वाला शूटर रितिक कुमार उर्फ लाला है। रितिक ने बताया कि अमनदीप ने हम सभी को इस काम के लिए डेढ़ लाख रुपये में हायर किया था। इसके बाद शाम को ही अमनदीप को करनाल से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अमनदीप ने खुद कबूल किया कि उसने ही अपनी गाड़ी पर फायरिंग की थी। अमनदीप ने पूछताछ में यह भी खुलासा किया की इस प्लान के लिए वह अढाई महीने से प्लानिंग कर रहा था। विदेश में बैठे दोस्तों ने ही यह प्लान बनाया था और बदमाशों को हायर किया था। इसके बाद प्लानिंग के तहत फायरिंग के बाद अमनदीप को विदेश में बैठे दोस्तों ने ही विदेशी नंबर से वॉट्सएैप के जरिए एक वॉइस नोट भेजा गया, जिसमें गोल्डी बराड़ के छोटे भाई और लॉरेंस गैंग ने धमकी दी थी कि अगर फिरौती की रकम नहीं दी गई तो उसे और उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। टीम के इंचार्ज दीपेंद्र ने बताया कि घटना वाले दिन यूपी से बोलेरो गाड़ी से आरोपी करनाल पहुंचे थे।



# बढ़ती आपराधिक घटनाओं और अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापारियों का प्रदर्शन










**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के आदर्श नगर क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बिगड़ती कानून व्यवस्था और मार्किट में अतिक्रमण के विरूद्ध आदर्श नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन और क्षेत्र की विभिन्न एसोसिएशन के माध्यम से रोष प्रदर्शन का आयोजन किया गया

**आदर्श नगर के ईश्वर डेरी चौक पर किया गया प्रदर्शन:** रोष प्रदर्शन का आयोजन दिल्ली के आदर्श नगर स्थित मार्किट के ईश्वर डेरी चौक के पास किया गया।

इसमें आदर्श नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अलावा क्षेत्र की कई एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

**एमसीडी और दिल्ली पुलिस के खिलाफ किया रोष प्रकट:** प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली नगर निगम और दिल्ली पुलिस के खिलाफ रोष प्रकट किया और कहा कि दिन-प्रतिदिन मार्किट में चोरी की वारदाते बढ़ती जा रही है। साथ ही रेहड़ी-पटरी वालों का अतिक्रमण भी बढ़ता जा रहा है।

## रोष प्रदर्शन का आयोजन

- आदर्श नगर थाना अध्यक्ष ने हमें आश्वासन दिया है कि आपकी समस्या का जल्द से जल्द समाधान होगा और मार्किट में पट्रोलिंग बढ़ाई जायेगी।
- मार्किट में रेहड़ी-पटरी वालें का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। जिससे लोग अपनी गाड़ी दुकान के पास भी नहीं खड़ी कर पाते है, खरीददार भी मार्किट में आने से कतराने लगे है।

**थाना अध्यक्ष से मिला एसोसिएशन को आश्वासन:** आदर्श नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत सिंह बंटी ने बताया कि आदर्श नगर थाना अध्यक्ष विश्राम मीणा ने हमें आश्वासन दिया है कि आपकी समस्या का जल्द से जल्द समाधान होगा और मार्किट में पट्रोलिंग बढ़ाई जायेगी।

**मार्किट में बढ़ता जा रहा है अतिक्रमण:** प्रधान अमरजीत सिंह बंटी ने बताया कि दिन-प्रतिदिन आदर्श नगर मार्किट में रेहड़ी-पटरी वालों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। जिससे लोग अपनी गाड़ी दुकान के पास भी नहीं खड़ी कर पाते है और इस कारण से खरीददार भी मार्किट में आने से कतराने लगे है।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस रोष प्रदर्शन में आदर्श नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत सिंह बंटी, आदर्श नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव संदीप सेठी, आरडब्ल्यूए मजलिस पार्कके पदाधिकारी, ए ब्लॉक से हरेन्द्र शर्मा प्रधान, अनिल अग्रवाल, संदीप दीक्षित, राकेश जुनेजा, विजय कालरा, अजय शर्मा, अनुभव धीर, सतीश अरोडा, अंकित गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**अमरजीत सिंह बंटी प्रधान, आदर्श नगर टेड्रर्स एसोसिएशन:** आदर्श नगर मार्किट में पुलिस की लापरवाही से चोरी की वारदाते अधिक होने लगी है साथ ही मार्किट में रेहडी-पटरी वालों का अतिक्रमण भी बढ़ता जा रहा है। जिस कारण से लोग मार्किट में आने से कतराने लगे है।



**अजय शर्मा, अध्यक्ष, राष्ट्रीय चेतना मंच:** आदर्श नगर क्षेत्र में जिस प्रकार से चोरी की घटनाएं बढ़ी है, वह एक चिंता का विषय का है। जिसको लेकर आज यहां पर कई एसोसिएशन ने मिलकर रोष प्रदर्शन भी किया है। अतिक्रमण की वजह से भी दुकानदारों के व्यापार पर प्रभाव पड़ रहा है।



**राकेश जुनेजा, उपप्रधान, आदर्श नगर आरडब्ल्यूए:** दिल्ली पुलिस की लापरवाही की वजह से क्षेत्र में चोरी की वारदाते बढ़ रही है, जिस पर पुलिस प्रशासन को ध्यान देनी की आवश्यकता है। साथ ही जो भी दुकानों के बाहर रेहडी-पटरी वालों का अतिक्रमण है, उसे निगम हटाये।



**संदीप सेठी, महासचिव, आदर्श नगर टेड्रर्स एसोसिएशन:** आदर्श नगर मार्किट में रेहडी-पटरी वालों को हटाने को लेकर हम निगम और दिल्ली पुलिस दोनों को ही लिखित में दे चुके है। लेकिन समस्या की जस की तस बनी पड़ी हुई है और अब तो यहां पर चोरी की वारदाते भी बढ़ रही है।

# दिल्ली के अस्पतालों में जलभराव के बाद स्वास्थ्य सेवा भी हुई ध्वस्त: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि जहां दिल्ली की जनता जल संकट और जल भराव की भंयकर पीड़ा से त्रस्त है, आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार दिल्ली की जनता राहत देने की जगह शराब घोटाले और मनी लॉडरिंग के भ्रष्टाचार के आरोपी मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भाजपा जनता की परेशानी को निपटाने की बजाए एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की



राजनीति करके दिल्ली की जनता को धोखा दे रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि केजरीवाल की जेल से रिहाई की मांग को लेकर भाजपा मुख्यालय पर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन करना बेमानी है क्योंकि आम आदमी पार्टी और भाजपा भ्रष्टाचार के मामले एक ही सिक्के के दो पहलू है। उन्होंने कहा कि क्या इस विरोध प्रदर्शन से दिल्ली के लोगों की जल संकट, जलभराव, नालों में गाद और सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। एक सोची समझी साजिश के तहत आम आदमी पार्टी दिल्ली वालों का ध्यान भटकाने के लिए यह विरोध प्रदर्शन कर रहे है। क्या दिल्ली में जल संकट की समस्या दिल्ली में खत्म हो गई।

# अहीर रेजीमेंट की गठन की मांग को लेकर महासभा करेगी प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर अहीर रेजीमेंट गठन की मांग को लेकर यदुवंशी महासभा के द्वारा विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है, मेरी देश के करोड़ो यादवों से अपील है कि इस प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव जीडी यादव ने कहा कि आज यदुवंशी महासभा के द्वारा अहीर रेजीमेंट गठन की मांग को लेकर संसद का घेराव व प्रदर्शन रखा गया है। आज अधिक से अधिक संख्या में आप सभी यादव दिल्ली के जन्तर-मन्तर पहुंचे और यादव होने



विजेन्द्र यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष



जीडी यादव
राष्ट्रीय महासचिव



प्रवीण यादव
अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश



मनीष यादव
प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली




सागर यादव
राष्ट्रीय सचिव

का परिचय दें। यदुवंशी महासभा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण यादव ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जब अन्य जातियों की रेजीमेंट बनी हुई है तो हमारे समाज की रेजीमेंट बनाने में सरकार को क्या परेशानी हो रही है। यदुवंशी महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि महासभा के द्वारा पूरे देश में अहीर रेजीमेंट जागरूकता रैली निकाली गई थी साथ ही कई राज्यों में रथ यात्रा भी निकाली गई है। महासभा के राष्ट्रीय सचिव सागर यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द अहीर रेजीमेंट का गठन करना चाहिए।

# नरेला: डीडीए की जमीन पर जल जमाव और कूड़े के ढ़ेर से लोग परेशान, प्रशासन मस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला में गौतम कॉलोनी गली नंबर 7 के पास स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए)की खाली पड़ी जमीन विभागीय लापरवाही के चलते लैंडफिल साइट में तब्दील होती जा रही है। डीडीए की इस खाली पड़ी जमीन पर यहां स्थित डेरी फार्म और स्थानीय लोगों द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। साथ ही बरसात के मौसम के चलते हुआ जल जमाव संक्रामक बीमारियों को दावत दे रहा है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासी कुलदीप ने







बताया कि डीडीए कि ये जमीन काफी सालों से खाली पड़ी है। स्थानीय लोगों के प्रयासों से डीडीए ने करीब 12 वर्ष पूर्व इसकी चारदीवारी तो करवा दी। लेकिन रख-रखाव के अभाव के चलते इसकी दीवार कई जगह से टूट गई है। आलम यह है कि अब इस खाली पड़ी जमीन पर स्थानीय निवासी कूड़ा डाल रहे हैं। कूड़े से उठने वाली दुर्गंध से आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। वहीं टूटी दीवार के चलते दिन भर इस जमीन पर आवारा मवेशियों का जमवाड़ा लगा रहता है। स्थानीय निवासी मनमोहन भारद्वाज ने बताया कि बारिश के मौसम के चलते समस्या गंभीर हो गई है। पूरी जमीन में जल जमाव की स्थिति है। जिससे संक्रामक रोगों का खतरा बना हुआ है। बार-बार शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हैं। लोगों की मांग है कि इस जमीन की सफाई करा के इस पर पार्क बनाया जाए। जिससे लोग सुबह शाम सैर कर सके और लोगों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहे।

# पीने को पानी नही लेकिन डूबकर मर रहे है लोग: मीनू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली** वाले बीते कुछ दिनों से पानी के कतरे-कतरे के लिए प्यासे है। स्लम हो या पॉश एरिया दिल्ली का कोई भी इलाका इस जल संकट से अछूता नहीं रहा है। इसके साथ ही त्रीनगर वार्ड नंबर-63 से निगम पार्षद मीनू गोयल ने कहा कि बावजूद इसके दिल्ली सरकार की जलमंत्री अतिशी इसका स्थाई निवारण निकालने की बजाए बडी ही बेशर्मी से बेतूके ब्यानबाजी का खेल खेल रही है। इसके साथ ही दिल्ली की जनता को गुमराह कर जलसत्यग्रह पर बैठकर हमदर्दी हांसिल करना चाहती है।

**आप सरकार की कामचोरी का फल भुगत रही है जनता:** उन्होंने



कहा कि कई इलाकों में टैंकरों से पानी भरने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं और कई इलाकों में तो लोगों को मूलभूत जरुरतों के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली इन दिनों दोहरे संकट से जूझ रहे है, जहां एक ओर तो दिल्ली के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है वहीं दूसरी ओर दिल्ली के अधिकांश इलाके मानसून से पूर्व आई हल्की-फूल्की सी बूंदा-बांदी से ही दिल्ली में जगह-जगह स्वीमिंग पूल ही बन गए है, इतना ही नहीं जलभराव की वजह से कुछ बच्चों की भी मौत का मामला सामने आया है। बावजूद इसके हल निकालने के बजाए आम आदमी पार्टी राजनीतिक रोटियां सेकने में लगी हुई है। दिल्ली वासी इस राजनीतिक रस्साकसी से बहुत परेशान हैं हर मुद्दा चाहे वह कितना भी गंभीर क्यों न हो, उसका सिर्फ आम आदमी पार्टी द्वारा राजनीतिकरण किया जाता है और नतीजा शून्य होता है।

**प्यास बुझाने में विफल हुई आप सरकार:** मीनू गोयल ने कहा कि आप ने अगर इस गंदी राजनीति करने के बजाय समस्या पर ध्यान दिया होता तो दिल्ली में आज जल संकट को लेकर त्राही-त्राही नही मची हुई होती और ओर आज दिल्ली पानी में न डूबी दिखाई पड़ती।

उन्होंने बताया कि वार्ड 63 में नालों की कभी साफ-सफाई नहीं की जाती है, जिसकी वजह से सीवर व नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों मे घुसता है, जिससे न कि गंदगी फैल रही है बल्कि डेंगू मलेरिया जैसी जान लेवा बिमारियां फैलने का भी खतरा मंडराता रहता है।

# रोड़ पर अंधेरा होने से असामाजिक तत्व हावी: सत्यपाल





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि शालीमार बाग के केला गोदाम रोड़ तथा उद्यम सिंह मार्ग पर अधिकांश रोड़ों की लाईटस बंद पड़ी है। जिसके फलस्वरूप असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी व लूटपाट का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय निवासियों द्वारा इस संबंध में पीडब्ल्यूडी व टीपीडीडीएल में शिकायत दर्ज भी करवाई गई मगर 15 दिन बीत जाने पर भी स्थिति जस की तस ही है। उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा बिजली के पोल्स की तारें काट दी गई है। हमारी प्रशासन से मांग है कि लाइटें पूरी तरह से चालू की जाये और पुलिस अपनी पट्रोलिंग बढ़ाये।

# उपायुक्त ने न्यायवादियो को दी हिदायत चिन्हित अपराध के मामलों में न मिले लंबी तारीखें

हिदायत

▶▶ जांच अधिकारी की लापरवाही के कारण कोई अपराधी छूटता है तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
जो मामले चिन्हित अपराध योजना के तहत आते है, पुलिस विभाग उनकी पूरी गहनता से जांच कर रिपोर्ट तैयार करें। चिन्हित अपराध के मामलों में न्यायवादी ट्रायल जल्द से जल्द पूर्ण करवाएं और यह ध्यान रखें कि बिना किसी ठोस कारणों के इस प्रकार के मामलों में दो माह से लंबी तारीखें न मिले। अगर किसी केस में जांच अधिकारी की लापरवाही के कारण कोई अपराधी छूटता है तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ये निर्देश उपायुक्त प्रदीप दहिया ने लघु सचिवालय स्थित वीसी कक्ष में शनिवार को आयोजित चिन्हित अपराध योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में उपायुक्त प्रदीप दहिया को अवगत करवाया गया कि मई माह में चिन्हित अपराध के तहत हिसार पुलिस जिले में कुल 129 केस हैं जिनमें से जिन 30 केस पर निर्णय आया हैं, उनमें से 20 केस में सजा मिली हैं व 10 केस में बरी हो गए हैं। बाकी 99 केस में 9 केस महिला अपराधों से संबंधित, 55 केस एनडीपीएस से संबंधित, 11 मुकदमे हत्या से संबंधित, 7 केस पेपर लीक से संबंधित, 13 केस फिरौती व डकैती से संबंधित, 1 केस चिटफंड से संबंधित व 3 केस अन्य मामलों से संबंधित दर्ज हैं। इसी तरह मई माह में चिन्हित अपराध के तहत हांसी पुलिस जिले में कुल 64 केस हैं जिनमें से जिन 14 केस पर निर्णय आया हैं, उनमें से 9 केस में सजा मिली हैं व 5 केस में बरी हो गए हैं। बाकी 50 केस में 4 केस महिला अपराधों से संबंधित, 31 केस एनडीपीएस से संबंधित, 13 मुकदमे हत्या से संबंधित, 02 केस फिरौती व डकैती से संबंधित दर्ज हैं। हिसार पुलिस जिले में 30 केस व हांसी पुलिस जिले में 24 केस ऐसे हैं जो 3 वर्ष से अधिक समय से लंबित है, उपायुक्त ने इनके स्पीडी ट्रायल करने पर जोर दिया। पिछले महीने उपायुक्त प्रदीप दहिया की तरफ से एक नई पहल शुरू की गई थी कि जो भी न्यायवादी सक्रियता व मेहनत से आरोपियों को सजा दिलाएंगे उनको पुरस्कृत किया जाएगा। मई माह के लिए उप-जिला न्यायवादी पवन वीर को सर्वश्रेष्ठ अभियोजक से पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर गंभीर व सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और सुनिश्चित करें कि दोषी छूटने न पाएं। ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाए।

# चौथे चरण के फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर का बुजुर्गों ने उठाया लाभ

नेत्र शिविर

▶▶ - माता हरबंस कौर की स्मृति में चौथे चरण का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
सेवा व अध्यात्म की प्रतिमूर्ति स्वर्गीय माता हरबंस कौर की स्मृति में चौथे चरण का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किए गए इस निशुल्क शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किया गया। स्वर्गीय माता हरबंस कौर के पुत्र समाजसेवी अनिल महता ने इस शिविर के आयोजन में विशेष भूमिका निभाई।



दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय माता हरबंस कौर की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में चौ. फकीरचंद फतेहचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट द्वारा 1 जून को पहले चरण में 21 लोगों की आंखों के फ्री ऑपरेशन किए गए थे। इसी कड़ी में तीन और चरणों में नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों में जरूरतमंद लोगों की आंखों के बिना कोई पैसे खर्च किए ऑपरेशन किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा सरकार ने आपातकाल सत्याग्रहियों व स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन में की अभूतपूर्व वृद्धि

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। यह बढ़ी हुई पेंशन 1 जुलाई, 2024 से लागू होगी। उपायुक्त राहुल नरवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन योजना दिसम्बर 2017 से शुरू की गई थी। इसके तहत लोकतंत्र सेनानियों व उनकी विधवाओं को मासिक पेंशन दी जा रही है। पहली जुलाई, 2024 से उनकी मासिक पेंशन 10,000 रुपए से बढक? 20,000 रुपए हो जाएगी। इसके अलावा हरियाणा रोडवेज की सामान्य बसों में मुफ्त यात्रा तथा वोल्वो बसों में 75 प्रतिशत किराया माफ किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों को दी जाने वाली मासिक पेंशन को भी बढ़ाकर 20,000 रुपए कर दिया है। सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को दी जाने वाली सम्मान पेंशन की राशि भी 25,000 रुपए से बढ़ाकर 40,000 रुपए कर दी है।

### बायोमेथनेशन एवं अपशिष्ट मूल्यांकन लैब कृषि अवशेषों के मूल्यवर्धक उत्पाद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी: प्रो. बी.आर. काम्बोज

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्याय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग में ह्यबायोमेथनेशन एवं अपशिष्ट मूल्यांकन प्रयोगशालाह्न व संशोधित गोबर गैस प्लांट का उद्घाटन किया। यह प्रयोगशाला राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आर.के.वी.वाई) की वित्तीय सहायता से पुनर्निर्मित की गई है।
प्रो. काम्बोज ने ह्यबायोमेथनेशन एवं अपशिष्ट मूल्यांकन प्रयोगशालाह्न के बारे में बताया कि यह लैब हमारे विश्वविद्यालय के पर्यावरण समृद्धि और स्वच्छता के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रयोगशाला कृषि अवशेषों के मूल्यवर्धक उत्पाद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस प्रयोगशाला में कृषि अवशेषों जैसे पराली, डंठल, छिलके तथा अन्य अपशिष्टों से मूल्यवर्धक वस्तुएं बनाई जाएंगी। जिनमें बायोगैस, बायोइथेनॉल, बायोडीजल, कम्पोस्ट, जैव सक्रिय यौगिक जैसे पॉलीफीनोल्स जो एंट्रीमाइक्रोबियल एवं एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि वाले होते हैं तथा पॉलीहाइड्रोक्सीब्यूरेट का उत्पादन सूक्ष्मजीवों के द्वारा किया जाता है। इस लैब में कृषि अपशिष्टों के विश्लेषण, बायोगैस के विश्लेषण, मेथेनोजन के विकास के लिए अनारोबिक चेंबर, जैव इंधन उत्पादन के लिए बायोरिएक्टर जैसे उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित उपकरण हैं एवं बायोफ्यूल उत्पादन के लिए कृषि खाद्य अपशिष्ट, हरित संश्लेषित नैनोपार्टिकल्स तथा पोल्ट्री अपशिष्ट जैसे विभिन्न योजकों का उपयोग किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य अपशिष्ट पदार्थो के हानिकारक प्रभावों को पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर कम करना है। इसके साथ ही अपशिष्ट प्रबंधन रोजगार के अवसर प्रदान करने तथा अर्थव्यवस्था में सुधार करने के अवसर भी प्रदान करता है।
सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक डॉ. कमला मलिक को प्रयोगशाला का प्रभारी एवं डॉ. शिखा महता को सह प्रभारी बनाया गया है।
मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि भूमि की उर्वरा शक्ति में बढ़ोतरी एवं इंधन की कमी की पूर्ति करने में गोबर गैस प्लांट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हकृवि ने गोबर द्वारा चलने वाले जनता मॉडल के बायो गैस प्लांट को संशोधित करके ऐसा डिजाइन तैयार किया है जो ताजे गोबर से चलता है। संशोधित गोबर गैस प्लांट को लगाने से जगह व पैसे की लागत अन्य डिजाइन की अपेक्षा कम आती है। इसे घर के आंगन में भी लगाया जा सकता है। इस प्लांट को शौचालय के साथ जोडकर गैस की मात्रा व खाद की गुणवत्ता भी बढ़ाई जा सकती है। सलरी में नाइट्रोजन, फास्फोरस तथा पोटाश की मात्रा गोबर की अपेक्षा अधिक होती है तथा इसका उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता बढ़ती है। इसमें नीम, आक या धतुरे के पत्ते मिलाकर डालने से खेत में कीड़े व बीमारियों का प्रकोप नहीं रहता। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारीगण, शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों सहित सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के सभी वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### डीसी राहुल नरवाल ने किया आधार कार्ड को अपडेट करवाने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद,**
डीसी राहुल हुड्डा ने बताया की यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितंबर कर दी है। डीसी राहुल नरवाल ने जिला के आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है

# हरियाणा में व्यापारी, उद्योगपति, जनता व बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है: गर्ग

का-

▶▶ सरकार व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता की जान माल की सुरक्षा करने में विफल सिद्ध हुई है- बजरंग

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा व्यापारी प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में प्रदेश में हो रही अपराधिक घटनाओं पर समीक्षा की गई। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि बड़े अफसोस से कहना पड़




रहा है कि आज 5 दिन बीत जाने के बावजूद भी हिसार में फायरिंग करके फिरौती मांगने वाले अपराधियों को अभी तक पुलिस प्रशासन पकड़ नहीं पाई है। जिसके कारण प्रदेश के व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि जो अपराधी फायरिंग करके खुले आम फिरौती व मंथली मांग रहे हैं। सरकार को उनसे उनके ही हिसाब से निपटना चाहिए। गोली चलाने वाले अपराधियों के पूरी तरह से चीरा लगाना चाहिए। सरकार को हरियाणा पुलिस के हाथ खोल देने चाहिए। पुलिस अपनी तरफ से अपराधियों से निपटने का पूरा अधिकार पुलिस को होना चाहिए। पुरानी कहावत है जैसे को तैसा अगर सरकार अपराधियों को चीरा लगाने का काम करवाती है तो हरियाणा में अपराध पूरी तरह से अंकुश लगेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि आज हरियाणा में व्यापारी, उद्योगपति, आम जनता व बहन-बेटियां तक सुरक्षित नहीं है। हरियाणा सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह सफल सिद्ध हुई है। सरकार को व्यापारी व आम जनता की जान माल की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए। प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाएं व हिसार में लगभग 30 राउंड फायरिंग करके करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने के विरोध में व्यापार मंडल का प्रतिनिधि सम्मेलन ऑटो मार्केट में 30 जून रविवार को रखा गया है। जिसमें आग्रामी रणनीति बनाई जाएगी।
जब तक सरकार अपराधियों का पक्का इलाज नहीं करती तब तक व्यापार मंडल का हरियाणा में संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर ऑटो मार्केट स्पेयर पार्ट एसोसिएशन के प्रधान बंटी गोयल, विश्वकर्मा सभा प्रधान प्रताप मिस्त्री, होलसेल एसोसिएशन प्रधान अशोक शर्मा, महासचिव कृष्ण चौधरी, अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, संरक्षक नारायण दास बंसल, धर्मशाला सचिव हंसराज नारंग आदि व्यापारी प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

# श्री तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश के अभिषेक में उमड़े विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों से जुड़े श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान श्री वेंकटेश जी का अभिषेक पूरे विधि-विधान से किया गया। अर्चकों ने नियमानुसार पूजा व अर्चना करके जनकल्याण की कामना की।
इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान वेंकटेश के दर्शन किए। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी व श्री गोदांबा माता जी की स्तुति करके मन्नत मांगी। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम



जय गोविंदा, जय तिरुपति बालाजी, जय माता पद्मावती व जय माता गोदांबा के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर भगवान की सवारी शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर अपने इष्ट के प्रति आस्था जताई। श्री तिरुपति धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों के भी दर्शन किए।
अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम् व श्री तिरुपति यज्ञशाला भी विशेष दर्शनीय हैं। धाम की श्रीनिवास गोशाला, श्री तिरुपति यज्ञशाला एवं पवित्र पुष्करणी भी श्रद्धा के विशेष केंद्र बने हुए हैं।

### पैनल बॉक्स से फैले करंट, गाय की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
वृंदावन में बारिश के कारण विद्युत पोल व पैनल बॉक्स से फैले करंट की चपेट में आने से गाय की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया हैं। हादसे के दौरान मौजूद नंद किशोर नामक व्यक्ति ने बताया की टटिया स्थान मार्ग स्थित गोपाल जी मंदिर के समीप से कुछ गाय निकलकर जा रही थी। तभी एक गाय को समीप में लगे विद्युत पोल और पैनल बाक्स ने अपनी चपेट में ले लिया। जब तक कि वह कुछ समझ पाता तब तक गाय के प्राण पखेरू उड़ चुके थे। गाय कि मौत को राहगीरों ने विद्युत विभाग की लापरवाही बताया है।

# आंकड़ों और जानकारी का योजना बनाने में महत्वपूर्ण योगदान : डीएसओ डॉ. राज कुमार




**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
सांख्यिकी और आर्थिक योजना निर्माण के क्षेत्र में (स्वर्गीय) प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में भारत सरकार 2007 से प्रत्येक वर्ष उनकी जयंती 29 जून को सांख्यिकी दिवस के रूप में मना रही है। इस वर्ष सांख्यिकी दिवस 2024 का मुख्य कार्यक्रम लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर सांख्यिकी विभाग कार्यालय में आयोजित किया गया।
इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला सांख्यिकीय अधिकारी डॉ. राज कुमार ने कहा कि यह दिवस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में प्रोफेसर महालनोबिस के अपार योगदान को श्रद्धांजलि देने के फलस्वरूप मनाया जाता है, जिन्होंने हमारे देश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है। यह दिवस रोजमर्रा की जिंदगी में सांख्यिकी के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और राष्ट्र के विकास को आकार देने में सांख्यिकीविदों और डेटा पेशेवरों के योगदान को मान्यता देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सांख्यिकी के महत्त्व और समाज में इसके योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों और सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह दिवस सांख्यिकी के महत्त्व और समाज में इसके योगदान के बारे में लोगों को शिक्षित करने का एक महत्त्वपूर्ण अवसर है। सांख्यिकी का उपयोग नीति निर्माण, योजना, अनुसंधान और विकास, और कई अन्य क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए किया जाता है। इस दिवस के माध्यम से लोगों को सांख्यिकी की शक्ति और डेटा से प्राप्त अंतर्दृष्टि के महत्त्व को समझने में मदद की जाती है।
इस अवसर पर जिला सहायक सांख्यिकीय अधिकारी विजय सिंह सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मूक बघिर व नेत्रहीन युवकों को सौन्दर्य शास्त्र में मुफ्त प्रशिक्षण

अनूठी पहल

▶▶ प्रशिक्षण को आसान बनाने के लिए शहनाज हुसैन ने ब्रैल लिपि में पुस्तक लिखी है जोकि अनूठी पहल है

**मूक बघिर** और नेत्रहीन युवकों को सौन्दर्य शास्त्र में निपुण बनाकर समाज में एक प्रशिक्षित सौन्दर्य पेशेबर के तौर पर प्रशिक्षित करने में लिए शहनाज हुसैन इंटरनेशनल ब्यूटी अकादमी नई दिल्ली द्वारा इस बर्ग के युवकों /युवतियों को हर बर्ष सौन्दर्य के बिभिन्न पहलुओं पर मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ताकि बह देश की अर्थ ब्यबस्था में योगदान दे सकें



नई दिल्ली में स्थित इस अकादमी का शुभारम्भ बर्ष 1984 में तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह द्वारा एक गरिमापूर्ण समारोह में किया गया था और तब से लेकर अब तक हर साल इस अकादमी में इस बर्ग के युवकों /युवतियों को सौन्दर्य उद्योग के लिए तैयार करने के लिए बिशेसज्ञों द्वारा सौन्दर्य से जुडी अनेक बारीकियों को क्लास रूम और सैलून में समझाया जाता है / एक बर्ष के इस प्रशिक्षण में युवक /युवतिओं को सौन्दर्य प्रशिक्षण में उपयोग किये जाने बाले उपकरण और अन्य सामग्री भी कम्पनी द्वारा ही प्रदान की जा रही है / उनके प्रशिक्षण को आसान बनाने के लिए शहनाज हुसैन ने ब्रैल लिपि में पुस्तक लिखी है जोकि अनूठी पहल है /
कम्पनी की सी एम डी शहनाज हुसैन का कहना है इस बर्ग के बच्चों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना मानवत्ता की सेवा है / उनका कहना की यह पाठ्यक्रम बाजार में काफी महंगे हो गए हैं जिसकी बजह से इस बर्ग के बच्चे सौन्दर्य क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकते जबकि अनेक बच्चों में सौन्दर्य जगत में प्रवेश करने की चाहत होती है और बह काफी कामयाब सौन्दर्य पेशेबर साबित होते हैं क्योंकि भगवान ने उन्हें बिलक्षण प्रतिभा प्रदान की होती है

# शिवधाम योजना के तहत तलवंडी राणा श्मशान घाट को भूले अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
शिवधाम योजना के तहत जिला प्रशासन गांवों के श्मशान घाटों की स्थिति सुधारने के लाख दावे करता हो, मगर जमीनी हकीकत कुछ ओर ही है। निकटवर्ती गांव तलवंडी राणा के श्मशान घाट पर जिला प्रशासन के चहेते कुछ सरकारी कर्मचारियों एवं एक दर्जन से अधिक प्रभावशाली लोगों का कब्जा है। जिसके चलते करीब नौ वर्ष से इसकी चारदीवारी का निर्माण अधर में लटका हुआ है। बड़ी बात यह है कि कागजों में यहां पर बहुत कुछ हो चुका है। यहां पर पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति है। इसके लिए स्पेशल चार ईंच की पाइप लाइन बिछी है, तीन जगहों पर पेयजल व हाथ धोने के लिए पानी के विशेष

अधर में

▶▶ मुख्यमंत्री के दरबार में उठेगा श्मशान घाट की अधर में लटकी चारदीवारी का मामला

टैंकों का निर्माण किया गया है। मगर जमीनी हकीकत कुछ ओर ही है। यहां जमीन स्तर पर चारदीवारी का निर्माण अधर में लटका हुआ है। सुविधाओं के नाम पर जहां कुछ भी नहीं है। मामले में ग्रामीणों की दर्जनों शिकायत के बावजूद भी चादर तान कर सोने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है। इस मामले में



करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामीण जुलाई के प्रथम सप्ताह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके चण्डीगढ़ स्थित आवास पर मिलेंगे। जिनमें मुख्य रुप से केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़, डा. ईश्वर सेन, सरपंच दयाल सिंह मोलिया, सारदूल वर्मा, ब्लॉक समिति सदस्य सूबेदार गंगाराम, पंच सतबीर, हवा सिंह पूनियां, रमेश, रामनिवास गुरी, चिमन खटाणा, डा. राजकुमार बावता, पंच कर्मवीर सेन, पंच बलवंत खटाणा का नाम शामिल हैं।

**अकेले डीसी कार्यालय को छह रिमांडर:-**
जिला प्रशासन की लापरवाही का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस मामले में मई 2023 से अब तक अकेले जिला उपायुक्त कार्यालय को छह बार ज्ञापन/शिकायत व रिमांडर भेजे जा चुके हैं, इसके बावजदू भी मामले में कार्यवाही एक ईंच तक नहीं बढ़ पाई है। मामले में ग्राम पंचायत इस कार्यवाही का पूरा खर्च उठाने को तैयार है। उसके बावजूद भी जिला उपायुक्त कार्यालय कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा है। मामले में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय व तहसीलदार कार्यालय की लापरवाही भी अपनी नाकामी छुपाने के लिए हर रोज नए-नए बहाने बना रहे हैं।

**कहां-कहां लगाई है गुहार:-**
गांव तलवंडी राणा के 16 पंचों एवं दूसरे जन-प्रतिनिधियों ने गांव की श्मशान भूमि की चारदीवारी को पूर्ण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिला उपायुक्त हिसार सहित करीब एक दर्जन मंत्रियों से गुहार लगा चुके हैं।

**क्या है शिवधाम योजना:-**
प्रदेश के श्मशान घाटों की स्थिति सुधारने व उन्हें नया रुप देने के

# बदमाशों की गिरफ्तारी हो, व्यापारियों को मिले सुरक्षित माहौल: अशोक मंगालीवाला

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने हिसार में लगातार फिरौती मांगने की घटनाओं की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यापारी या व्यवसायी प्रतिष्ठान की स्थापना करके अपने परिवार को संभालता है और कई लोगों को रोजगार देता है। यदि व्यापारियों को हवाई फायर करके, चिट्ठी के माध्यम से या फोन करके फिरौती के लिए भयभीत किया जाएगा तो सारा व्यापार व काम चौपट हो जाएगा। इसका नकारात्मक प्रभाव केवल व्यापारी के परिवारों पर ही नहीं बल्कि पूरे



क्षेत्र पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसलिए फिरौती मांगने और बदमाशों द्वारा अराजकता फैलाने की घटना से पूरा क्षेत्र जुड़ा हुआ है। अशोक मंगालीवाला ने कहा कि पुलिस को अपराधियों को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करना चाहिए और व्यापारियों की सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने चाहिए। उन्होंने कहा कि वे हर व्यापारी व हर नागरिक की परेशानी की घड़ी में उसके साथ हैं। व्यापारियों की हरसंभव सहायता के लिए वे हमेशा तत्पर हैं। मंगालीवाला ने कहा कि यदि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न हुई तो व्यापारी जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इसलिए इस दिशा में प्रशासन व सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए।
उन्होंने कहा कि व्यापारियों के आंदोलन में वे उनके साथ हैं।

हरियाणा सरकार



"दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था। यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय। 21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है। जो विकास के आखिरी पायदान पर है, उसे विकास के पहले पायदान पर लाने के लिए काम हो रहा है।"

**- नरेन्द्र मोदी**

# नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण

वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, विधुर और अविवाहित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता योजना के तहत

## 75,000 नए लाभार्थियों को पेंशन वितरण

## मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 6300 लाभार्थियों को

### अधिकार-पत्र वितरण

- प्लॉट की वास्तविक कीमत या एक लाख रुपये जो भी कम हो, की वित्तीय सहायता
- अधिकार-पत्रों का वितरण 17 अन्य जिलों अम्बाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हिसार, जींद, झज्जर, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर में भी होगा

## डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत लाभार्थियों को

### लाभ वितरण

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

अधिकार-पत्र हेतु अधिक जानकारी के लिए

संपर्क करें : 0172-3520001

अथवा

वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

दिनांक - 30 जून, 2024 । समय - दोपहर 2 बजे

स्थान - अनाज मंडी, पानीपत

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री बिशम्बर सिंह**
राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय विभाग, हरियाणा

**श्री सुभाष सुधा**
राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार
सबके लिए आवास
हरियाणा

**श्री महिपाल ढांडा**
राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार
विकास एवं पंचायत
हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana